चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 272 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल 30 मार्च 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
37 अधिकतम
21 न्यूनतम



## ताजा घटनाक्रमों के बीच प्रधानमंत्री की यात्रा के कई निहितार्थ

# संघ हेडक्वार्टर में पहली बार पीएम आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा: मोदी

**नागपुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करीब 12 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय नागपुर पहुंचे हैं। हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री का यहां पहुंचना ताजा राजनीतिक व सामाजिक घटनाक्रमों के बीच काफी महत्वपूर्ण है। भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी चुनना है और कई राज्यों में भी अध्यक्षों को चुनने का काम रुका हुआ है। माना जा रहा है कि अब अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामलों में फैसले हो सकते हैं। बतौर पीएम यह मोदी की पहली संघ मुख्यालय यात्रा है। इसके चलते सियासी गलियारों में हलचल भी तेज है। मोदी ने खुद एक प्रचारक से प्रधानमंत्री बनने का लंबा सफर तय किया है।

दरअसल, हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटें तो जीतीं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और उनकी राजनीति कमजोर हुई। पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में भी मिली हार भी एक बड़ा झटका था। क्योंकि उसने राम मंदिर के निर्माण को एक अहम चुनावी मुद्दा बनाया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने परोक्ष तौर पर फटकार भी लगाई थी। चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शासन की आलोचना की थी।



प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। उन्होंने संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे दीक्षाभूमि गए और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा यहां आकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। दीक्षाभूमि संघ कार्यालय के नजदीक ही है। यहां डॉ. अंबेडकर ने अपने अनुयायियों के साथ 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया था। पिछले साल भी मोदी ने यहां पहुंचकर ध्यान लगाया था। गौरतलब है कि मोदी आखिरी बार 16 जुलाई 2013 को लोकसभा चुनाव की मीटिंग में शामिल होने संघ मुख्यालय नागपुर आए थे। इससे पहले 2012 में संघ के सरसंघचालक केएस सुदर्शन के निधन पर भी वे यहां आए थे। यह पहला मौका है, जब कोई प्रधानमंत्री संघ मुख्यालय के दौरे पर हैं। आज मोदी संघ कार्यालय में हिंदू नववर्ष के पहले दिन होने वाले प्रतिपदा कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इसके बाद पीएम माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की नई एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद हैं।

### मोदी का मराठी में भाषण

पीएम ने आज मराठी बोली में भाषण की शुरुआत की। उन्होंने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं व कहा कि आज भगवान झुलेलालजी और गुरू अंगद देवजी का अवतरण दिवस है। इस वर्ष आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वहीं आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मोदी ने कहा, आज बहुत पावन दिन पर मुझे आपसे मन की बात करने का अवसर मिला है। आज चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। आज से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है। आज से भारतीय नववर्ष का भी आरंभ हो रहा है। इस बार विक्रम संवत 2082 शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, आज कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में उगादि का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा मनाया जा रहा है। विविधता भरे हमारे देश में अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिन में असम में रोंगाली बिहू, बंगाल में पोइला बोइशाख, कश्मीर में नवरेह का उत्सव मनाया जाएगा।

## म्यांमार, थाईलैंड में अब तक 1700 मौतें

# भूकंप से तबाही के बीच कई देशों तक आफ्टर शॉक की दहशत

**बैंकाक/नई दिल्ली, एजेंसी**

भीषण भूकंप के बाद भी म्यांमार बार बार हिल रहा है। बीते 2 दिन में रिक्टर स्केल पर 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। इन्हें आफ्टरशॉक कहा जाता है और इस भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए हैं। भूवैज्ञानिक जेस फीनिक्स के अनुसार, इस भूकंप से उतनी ऊर्जा निकली जितनी 334 परमाणु बमों के विस्फोट में होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस क्षेत्र में लंबे समय तक आफ्टरशॉक्स (भूकंप के झटके) आते रह सकते हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है और अब तक 1600 से ज्यादा मौतों की पुष्टि हुई है जबकि आंकडा दस हजार तक पहुंचने की आशंका है। खबरों के मुताबिक बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। सड़कों पर भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल आ रही है। कई मेडिकल इक्विपमेंट जैसे ट्रॉमा किट, ब्लड बैग, एनेस्थेटिक्स और जरूरी दवाओं के ट्रांसपोर्ट में बाधा हो रही है। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे ब?ा भूकंप था। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगी है। इधर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज सतपुड़ा और सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची। यूरोपीय यूनियन ने इमरजेंसी सहायता के दौर पर 2.7 मिलियन डॉलर (23 करोड़ रुपए) की मदद म्यांमार भेजी है।

# मस्क DOGE से आएंगे बाहर सिर्फ कारोबार पर देंगे ध्यान

**अब तक 6 ट्रिलियन डॉलर खर्च घटाया**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी और अरबपति कारोबारी एलॉन मस्क ने अब संकेत दिए हैं कि वह अमेरिकी सरकार के खर्चों में कटौती करने वाली संस्था डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) से मई के अंत तक इस्तीफा दे सकते हैं। मस्क के अनुसार, उनकी टीम ने अब तक अमेरिकी घाटे को एक ट्रिलियन डॉलर तक कम कर दिया है, जिससे कुल संघीय खर्च 6 ट्रिलियन डॉलर के करीब आ गया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब मेरा काम पूरा हो गया है. उनकी टीम औसतन हर दिन 4 बिलियन डॉलर बचत कर रही है और लगभग 130 दिनों में एक ट्रिलियन डॉलर की बचत का लक्ष्य हासिल कर चुकी है। मस्क ने कहा कि हमारा लक्ष्य फिजूल खर्च को हर दिन 4 बिलियन डॉलर कम करना था और हम इसमें सफल रहे। अगर यह प्रयास सफल नहीं होता तो अमेरिका की आर्थिक स्थिति डूब सकती थी। उनके अनुसार, छ्वह्रत्रश्व का काम मई के अंत तक पूरा हो सकता है मस्क व उनके सात सहयोगियों ने सरकारी एजेंसियों में हो रहे फिजूल खर्च, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को दूर करने की दिशा में किए गए प्रयासों का भी जिक्र किया है। .छ्वह्रत्रश्व के अनुसार, विभाग के प्रयासों के तहत कर्मचारियों की संख्या में कमी, संपत्तियों की बिक्री और अनुबंध रद्द करने जैसी कार्रवाइयों से 24 मार्च तक अमेरिकी करदाताओं के 115 बिलियन डॉलर की बचत हो चुकी है। मस्क के मुताबिक सरकार की कार्यक्षमता में काफी सुधार की जरूरत थी।



**टेस्ला पर प्रदर्शनों के बीच आया मस्क का बयान**: मस्क के इस्तीफे की खबर ऐसे समय आई है, जब अमेरिका में एलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। टेस्ला के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मस्क ने स्वीकार किया कि मैं कई कामों में उलझा हुआ हूं मेरे पास 17 अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। जब मैं टीवी पर इन घटनाओं की कवरेज देखता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे सर्वनाश (आर्मागेडन) हो रहा हो लेकिन कंपनी का भविष्य बेहद उज्ज्वल और रोमांचक है। दरअसल मस्क कई मुकदमों का भी सामना कर रहे हैं आरोप हैं कि छ्वह्रत्रश्व ने बिना कानूनी अधिकार के काम किया और गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन किया।

**गुड़ी पड़वा**



आज सुबह सीएम मोहन यादव उज्जैन में फव्वारा चौक से निकलने वाले परंपरागत नव वर्ष गुड़ी पड़वा चल समारोह में शामिल हुए। (सीएम का ब्लॉग- देखें पेज- 4)


# हिंसा: राजा से वसूली करेगी सरकार नोटिस भेजकर तगादा, सुरक्षा घटाई

**नेपाल में राजशाही की वापसी का मामला**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

काठमांडू। नेपाल में राजशाही के समर्थन में हुई हिंसा के बाद सरकार का एक्शन तेज है और अब ओली सरकार ने फैसला लेते हुए राजा ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा को पूरी तरीके से बदल दिया है। जितने भी सुरक्षाकर्मी उनकी ड्यूटी पर लगे हुए थे उन सबको बदल दिया गया है और साथ ही सुरक्षा को घटा भी दिया गया है। पहले जहां ज्ञानेंद्र शाह को 25 सुरक्षाकर्मियों का कवरय था अब यह 16 कर दिया है। वहीं, हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई भी उन्हीं करने का फैसला हुआ है। काठमांडू के सड़कों पर जो हिंसक झड़प हुई थी और जिसमें कई मकान, बिल्डिंग, सरकारी दफ्तर और सरकारी गाड़ियों को क्षतिग्रस्त और आग के हवाले कर दिया गया था लिहाजा काठमांडू नगर निगम ने राजा ज्ञानेंद्र शाह पर को नुकसान की भरपाई करने का नोटिस थमा दिया है। राजा पर 7.93 लाख नेपाली रुपए का जुर्माना ठोका है। हिंसा में टीवी पत्रकार कैमरामैन की जलकर मौत हो गई थी। दरअसल नेपाल में वर्ष 2008 में राजशाही को खत्म कर दिया गया है।





# सुशांत केस में रिया को क्लीनचिट : जी फाउंडर ने लिखित माफी मांगी



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट में हत्या के लिए उकसाने जैसे कोई सबूत नहीं मिलने के बाद अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को भी क्लीनचिट मिल गई है साथ ही जी न्यूज के फाउंडर सुभाष चंद्र ने रिया चक्रवर्ती से लिखित माफी मांगी है। चंद्र ने ऑफिशियल एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा- सुशांत के मर्डर केस में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। मुझे लगता है ये सबूतों की कमी के आधार पर है। जिसका अर्थ है कि कोई केस नहीं बनता है। पीछे पलटकर देखने पर लगता है कि जी न्यूज के एडिटर्स और रिपोर्टर्स (उस समय के) के नेतृत्व में मीडिया ने रिया चक्रवर्ती को आरोपी बनाया है लोगों ने भी जी न्यूज को फॉलो किया। मेंटॉर होने के नाते मैंने उन्हें सलाह दी है कि साहस जुटाएं और माफी मांगे। मैं रिया चक्रवर्ती से माफी मांगता हूं, जबकि मेरा इससे कोई लेना देना नहीं था। मैं एक मुख रुद्राक्ष की तरह हूं, बाहर और अंदर एक समान। सच को सच कहो। दरअसल सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट आने के बाद ?अभिनेत्री दीया मिर्जा ने उन सभी मीडिया से जुड़े लोगों से रिया से माफी मांगने की अपील की थी।

# छुट्टियां नहीं बढ़ीं तो ताकतवर आईएएस ने वीआरएस लिया




**भुवनेश्वर.** ओडिशा कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुजाता आर कार्तिकेयन ने अचानक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली है। कार्तिकेयन बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक के पूर्व करीबी सहयोगी वीके पांडियन की पत्नी हैं। कार्तिकेयन के अनुरोध को डीओपीटी ने मंजूर कर लिया है और ओडिशा सरकार से कहा है कि वह इस संबंध में आवश्यक 'अधिसूचना' जारी करे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 बैच के ओडिशा कैडर के अधिकारी कार्तिकेयन ने दो निजी कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था। नौकरशाह से राजनेता बने उनके पति वीके पांडियन ने भी अक्टूबर 2023 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और बीजू जनता दल (बीजेडी) में शामिल हो गए थे मगर पिछले साल विधानसभा चुनावों में बीजेडी की हार के बाद पांडियन ने सक्रिय राजनीति छोड़ दी। मई 2024 में पद का दुरुपयोग करने के आरोपों में चुनाव आयोग ने कार्तिकेयन को एक ऐसे विभाग में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था, जहां वह जनता से नहीं मिल सकती थीं।

## अभिव्यक्ति का सवाल व सीमाएं...कॉमन मेन की दुविधाएं और सियासत की सुविधाएं

# कॉमेडी के साथ ट्रेजेडी का *नया दौर*...



**प्रवाह**

**आशीष दुबे**

जिंदगी दूर से देखने में एक त्रासदी है और पास से देखने में कॉमेडी ! यह बात साठ-सत्तर साल पहले चार्ली चैपलिन ने कही थी। आज के संदर्भ में यह ज्यादा शिद्दत से महसूस की जानी चाहिए। क्योंकि, सियासी लोग अपनी महत्वाकांक्षाओं के अंधे सफर में ऐसी कहानियां छोड़ रहे हैं, जिसे कोई अन्य यदि अपने शब्दों में बयां करे तो 'नागवार कॉमेडी' या ताना लगती है और हश्र पिटाई, तोड़फोड़, धमकी, पुलिस केस या कुणाल कामरा होता है। वैसे तो यह चैनलों व ओटीटी पर कॉमेडी सीरियल्स का दौर है, लेकिन वस्तुतः तभी तक हंसने या कहने का दौर है जब तक उसमें कोई बड़ी घटना न हो, बड़ा पात्र न हो, जात-पात न हो, मार्के की बात न हो और न नेम हो न ही सरनेम ! कामरा पर एकनाथ शिंदे समर्थकों का आगबबूला होना नई बात नहीं, मुंबई और देश के कई शहर व लोग इस तरह के वाकयों के चश्मदीद हैं, लेकिन अब 'गवाह' नहीं। रफ्टफ जिंदगी से निकले नेताओं की नाजुकमिजाजी अजब है, शिंदे जिस राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा हैं, उसी दल के संस्थापक बाल ठाकरे खुद बेहद तीखे व्यंग्यकार थे। उनके बनाए कार्टून से अच्छे-अच्छे लोग घबराते थे। शिंदे अपने ऊपर आए इस 'शाब्दिक हमले' को सहजता से लेते तो ठाकरे के सही सियासी शिष्य कहे जाते। वे खुद मानहानि का दावा कर सकते थे न कि समर्थकों को 'खुला छोड़ते' जो कहते हैं कि हम जांच-वांच नहीं *इलाज* में विश्वास रखते हैं ! वैसे, सही शिष्य तो उद्धव ठाकरे को भी बनना शायद बाकी है, क्योंकि उनके हिस्से में भी कंगना के घर बुल्डोजर भेजने वाला प्रसंग है,या हंसल मेहता वाला के मुंह पर कालिख वाला ! अब कामरा-कांड में चाहे जो मोड आएं लेकिन हास्य-व्यंग्य,कार्टून, बयानों-आख्यानों आदि अभिव्यक्तियों पर सियासत का छुईमुई रवैया व कड़ी पहरेदारी समाज को ज्यादा जटिलताएं देगा। यह सब यदि मशहूर शख्सियतों व घटनाओं के इर्दगिर्द नहीं रचे जाएंगे तो 'कामन-मेन' अपनी मुश्किलात् के शब्द कैसे पाएगा? अलबत्ता हास्य सामग्री रणवीर अल्लाहवादिया या समय रैना के अश्लील कंटेट जैसी न हों। और हां, यह सुपारी-भावना से *दोनों तरफ* से मुक्त भी हों। सोचें, बेहद तीखे सियासी व्यंग्य से पगी लाइनें लिखने वाले कवि दुष्यंत,हरिशंकर परसाई या अदम गोंडवी इस दौर में होते तो उनके साथ क्या बीत रही होती, वे क्या सोच रहे होते..।




### उम्मीदें फिर भी हैं कायम

असमंजस, ऊहापोह,डर के बीच सुप्रीम कोर्ट की परसों आई टिप्पणी ढांढस बंधाती है। जिसमें कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के मामले में कहा गया- कविता, कला, व्यंग्य जिंदगी को समृध्द करती हैं, मजबूत व दृढ समझ वाले लोगों के मानकों का इस्तेमाल करें, न कि उन लोगों के मानकों का जो कमजोर हैं और हर चीज को खतरे या आलोचना के रूप में लेते हैं..। ताजा घटनाक्रमों के बीच मशहूर कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण की ऑटोबायोग्राफ़ी का वह हिस्सा भी मौजूं है, जिसमें उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते लिखा- अख़बारों में सेंसरशिप लागू थी, मैंने कार्टूनों के विषय बदल दिए थे, हल्के-फुल्के कार्टून बना रहा था। एक दिन दिल्ली जाना हुआ, मैंने इंदिरा गांधी से मिलने का वक्त मांगा, अचरज हुआ कि मुझे वक्त मिल गया। मैंने राजनीतिक कार्टूनिस्ट के तौर पर अपनी व्यथा बताई तो उन्होंने इसके लिए नौकरशाहों को जिम्मेदार ठहराया व कहा कि आप अपना काम कीजिए क्योंकि लोकतंत्र में ऐसे व्यंग्य भरे कॉमेंट चेक एंड बैलेंस का काम करते हैं। बहरहाल, नेहरू ने भी एक बार लक्ष्मण से पूछा था कि आजकल मेरे कार्टून नहीं बन रहे, क्या मैं कुछ काम नहीं कर रहा..। अटलजी भी अपनी आलोचना को सुनते व विरोधियों की कद्र करते थे।

## चैत्र नवरात्र...







भोपाल. आज से नवरात्रि की शुरुआत हुई और मंदिरों में भीड़ रही। सोमवारा मां भवानी मंदिर में मां भवानी की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो निर्मल व्यास

# आयुष्मान कार्ड फिर भी बाहर से मंगाए इंजेक्शन, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल शहर के हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में संचालित सुल्तानिया अस्पताल में आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद नवजात के परिजनों से महंगे इंजेक्शन बाहर से लेने के मामले में संज्ञान लेते हुए मप्र मानव अधिकार आयोग ने मामले में संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.), संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि नवजात के जन्म होने के बाद उसका हार्ट काम नहीं कर रहा था, जिसके चलते नवजात को आठ दिन तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। नवजात के इलाज के लिए डॉक्टरों/स्टाफ ने परिजनों को उसे विशेष इंजेक्शन लगाने की सलाह दी। जिसके बाद नवजात के परिजनों द्वारा बाजार से हजारों रुपये के इंजेक्शन क्रय करवाकर नवजात को लगाए गये। जबकि आयुष्मान योजना के तहत इलाज पूरी तरह मुक्त होना चाहिए।

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले दो मामलों में लिया संज्ञान**

### सड़कों पर गड्ढे, नगर निगम आयुक्त से रिपोर्ट तलब

मप्र मानव अधिकार आयोग ने कोलार क्षेत्र में दानिश हिल्स रोड पर गड्ढे होने के कारण लोगों को आवाजाही करने में परेशानी होने के मामले में संज्ञान लिया है। यहां रोड पर ड्रेनेज की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण कुछ महीने में ही रोड जर्जर और बदहाल हो गया है। खराब और जर्जर रोड होने के संबंध में क्षेत्र की कॉलोनी के रहवासियों ने निगम प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई सुधार या कार्यवाही नहीं हो सकी है। खतरनाक गड्ढे हो जाने के कारण सड़क दुर्घटना होने का भी खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।

### नए शौचालय को बनाने को लेकर जिम्मेदारों ने अब तक नहीं बनाई कोई कार्ययोजना

# 4 किलोमीटर लंबे नीलबड़ रोड पर नहीं हैं एक भी सुलभ शौचालय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नीलबड़-रातीबड़ रोड राजधानी का सबसे तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र बन गया है। कुछ साल पहले यहां की टू-लेन सड़क को चौड़ा करके फोरलेन सड़क में तब्दील किया गया है, जो यहां पर विकास के नए आयाम लिख रहा है। लेकिन नगरीय क्षेत्र में शामिल नीलबड़ रोड में अब भी मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा रहवासियों और व्यापारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर परेशानी उठानी पड़ रही है।

साक्षी ढाबे तिराहे से नीलबड़ रोड में करीब 4 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं बना है। जबकि, इस पूरे इलाके में वर्तमान में एक लाख से अधिक की आबादी और दो हजार से ज्यादा व्यापारी, दुकानदार व इन दुकानों पर काम करने वाले लोगों की संख्या है। सबसे ज्यादा परेशानी नीलबड़ रोड की कामकाजी महिलाओं को उठानी पड़ रही है। सुलभ शौचालय के अभाव में इस रोड में करीब 300 से अधिक कामकाजी महिलाएं दिनभर टॉयलेट को लेकर परेशानियां उठाती हैं।




### मजबूरी में पेट्रोल पंप के टॉयलेट का इस्तेमाल

नाम न छापने की शर्त पर नीलबड़-कलखेड़ा तिराहे में जनरल स्टोर की दुकान चलाने वाली एक कामकाजी महिला ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 300 मीटर दूर एक पेट्रोल पंप बना हुआ है। सुलभ शौचालय नहीं होने के कारण हमें मजबूरी में टॉयलेट के लिए पेट्रोल पंप जाना पड़ता है। अब इस इलाके में कहीं भी सुलभ शौचालय नहीं बना है, जिसे हम उपयोग कर रहे थे। आबादी बढ़ने के कारण हमें और हम जैसी कई कामकाजी महिलाओं को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।

### 11 साल पहले यह क्षेत्र निगम में हुआ था शामिल

नीलबड़ रोड में बरखेड़ी तक पहले नगर निगम क्षेत्र था। 2014 में हुए परिसीमन के बाद नीलबड़ सहित आसपास के इलाके को नगर निगम भोपाल में शामिल किया गया था। करीब 11 साल बाद भी अब तक नगर निगम प्रशासन द्वारा इस नगरीय निकाय वाले इलाके में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में आनाकानी की जा रही है। हालात ये हैं कि अब तक नीलबड़ रोड पर कहीं भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय बनाने को लेकर कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। लक्ष्मीबाई शॉपिंग कॉप्लेक्स में बना शौचालय हमेशा गंदा पड़ा रहता है।

## ईद...



भोपाल। वोहरा समाज ने आज ईद मनाई। अलीगंज स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते हुए।

### 40 से अधिक लोगों को मिला नेत्रदान परामर्श

**भोपाल।** एम्स की नेत्र बैंक टीम द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में नेत्रदान जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। एम्स भोपाल की टीम ने नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. भावना शर्मा की देखरेख में नेत्रदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, परामर्श और दाता पंजीकरण शामिल थे। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता थी 40 से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए परामर्श देना और संकल्प पत्र भरवाना। इस पहल का उद्देश्य नेत्रदान जागरूकता को बढ़ावा देना और लोगों को अपनी मृत्यु के बाद नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करना है। एम्स भोपाल की आई बैंक टीम लंबे समय से नेत्रदान को प्रोत्साहित करने और कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

### सेवासदन में यूरोलॉजी शिविर 70 रोगियों के ऑपरेशन हुए

**सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने शिविर का अवलोकन किया**



**हिरदाराम नगर.** भोपाल के सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने शनिवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में लगे 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें यहां मिली चिकित्सा सेवाओं और सुविधाओं के सम्बंध में पूछताछ की । डॉ. तिवारी ने शिविर में सेवा दे रहें यूरोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट्स, फिजीशियन्स, पैरामेडिकल कर्मचारियों, सेवादारों और ट्रस्टीगण से भी बातचीत की । इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ट्रस्टीगण सुरेश आवतरामानी, तुलसीदास आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी, संत सेवक एल.सी. जनियानी और डॉक्टर्स सीएमएचओ के साथ थे । डॉ. तिवारी ने शिविर आयोजन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अस्पताल के वि?टर्स बुक में लिखा कि यहां सेवारत डॉक्टर्स तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों के सेवाकार्य को देखकर अपार आनन्द की अनुभूति हुई । ऐसी ही संस्थाओं के लिये गोस्वामी तुलसीदास जी लिखकर गये है कि ÷परहित सरिस धर्म नहिं भाई ।÷ डॉ. तिवारी ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सेवाकार्यों के लिये शुभकामनाएं दी । उन्होंने वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पास जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी । सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में यूरोलॉजी शिविर में दूसरे दिन शनिवार को 30 मरीजों के ऑपरेशन किये गये । इन्हें मिलाकर अब तक मूत्र व्याधियों से पी?त कुल 70 मरीजों के ऑपरेशन किये जा चुके हैं।

**मेट्रो एंकर**

### सिंधु समाज निकालेगा भव्य शोभा यात्रा

# झूलेलालजी का अवतरण दिवस आस्था और उमंग के बीच मनेगा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में भगवान झूलेलालजी का अवतरण दिवस पर आस्था और उत्साह के बीच मनाया जाएगा। सिंधु समाज भव्य शोभा यात्रा निकालेगी। पर्व की पूर्व बेला में शनिवार को दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। झूलेलाल मंदिरों में विभिन्न संस्कार एवं पूजा अर्चना के कार्यक्रम होंगे। जगह-जगह सुखो सेवा का वितरण किया जाएगा। सिंधु समाज की शोभा यात्रा 30 मार्च को सिंधु समाज भवन से शुरू होगी, इसमें अन्य संस्थाओं के चल समारोह शामिल होंगे। शोभा यात्रा में भगवान झूलेलाल जी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे साथ में कई झांकिया भी शामिल रहेंगी इस बार जहां जहां से जूलूस निकलेगा वहां पर छतों से फूलों की बारिश की जाएगी जुलूस में डीजे, बेंड, डोल, ताशे, सिंन्धी छेज, लाइटिंग गमले, ऊंट, घोड़े, ट्राले पर आर्केस्ट्रा, भगवान भोलेनाथ सहित प्रसिद्ध बैंड शामिल रहेंगे। शोभा यात्रा शाम को 4 बजे शोभायात्रा सिंधु समाज स्कूल से पूजा अर्चना के बाद निकलेगी जो स्कूल से शुरू होकर मिनी मार्केट होते हुए प्रेमरामचंदानी मार्ग, एफ वार्ड, बस स्टैंड, मुख्य मार्ग होते हुए कालका चौराहे से होते हुए दशहरा मैदान पर सम्पन्न होगी यहां पर इस बार स्टॉल लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शोभा यात्रा संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने कहा कि विशाल और भव्य शोभा यात्रा का दो साल का पुराना रिकॉर्ड टूटेगा इस बार 25 से 30 हजार लोग शोभा यात्रा में शामिल होंगे। दो दिवसीय आयोजन के बीच चैतीचांद मनाया जा रहा है। 30 मार्च को शोभा यात्रा और 31 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।



**झूलेलाल मंदिर होंगे आयोजन:** मुख्य मार्ग स्थित झूलेलाल मंदिर में बहिराणा साहब, भजन संध्या का होगी। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। झूलेलाल कल्याण मण्डलम सेवा समिति के राजकुमार वाधवानी ने बताया कि चैतीचांद पर सुबह 10 बजे झंडा चढ़ाया जाएगा। इसके बाद बहिराणा साहब की जोत प्रज्वलित की जाएगी। ग्वालियर की कमल खत्री पार्टी की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस शाम को मंदिर से चल समारोह निकलेगा जो मुख्य जुलूस में शामिल होगा जाएगा। ।

**मुंडन व जनेऊ संस्कार होंगे:** एच वार्ड स्थित प्राचीन भगवान झूलेलाल मंदिर में धार्मिक आयोजन होंगे। श्री झूलेलाल सेवा एवं सांस्कृतिक उत्सव समिति के दिनेश वाधवानी ने बताया कि 30 मार्च को सुबह 11 बजे बहिराणा साहब की जोत प्रज्वलन के कार्यक्रम की शुरूआत होगी। झूलेलाल चालीहा साहिब, छेज, भजन, आरती होगी। मंदिर परिसर में मुंडन और जनेऊ संस्कार होंगे।

### पर्व की बधाई देने वाहन रैली निकली

सिंधी समाज आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचाँद की पूर्व बेला में शनिवार को मोर्निंग स्पोर्ट्स क्लब ने धार्मिक दोपहिया वाहन रैली निकाली, जो संतनगर के दशहरा मैदान से आरंभ हुई और संतनगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली का उद्देश्य भगवान झूलेलाल के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट करना है, साथ ही सिंधी समाज की एकता और गौरव को प्रदर्शित करना था। रैली में संतनगर के धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ विशेष रूप से युवा शामिल हुए। आयो लाल झूलेलाल का घोष किया। सिंधु समाज शोभा यात्रा समिति के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, मनोहर कृपलानी और मोहन लालवानी के नेतृत्व में रैली निकली। हीरो हिन्दू हीरो फैंस क्लब के सदस्य भी रैली में शामिल हुए। इसरानी ने कहा कि मोर्निंग स्पोर्ट्स क्लब ने रैली के माध्यम से भगवान झूलेलाल के प्रति अपनी भक्ति और समाज के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित किया है।

### नवयुवक सभा के चुनाव वासदेव अध्यक्ष बने


**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नवयुवक सभा की साधारण सभा एवं द्विवार्षिक चुनाव हुए, जिसमें अध्यक्ष पद पर विष्णु गेहानी ने वासदेव वाधवानी का नाम प्रस्ताव किया गया, बाकी सारे पदों पर पूर्व पदाधिकारियों का चयन सर्व सहमति से किया गया। वर्ष 2025- 2027 की नई कार्यकारिणी में संरक्षक विष्णु गेहानी, अध्यक्ष वासदेव वाधवानी, उपाध्यक्ष महेश दयारामानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल, सहसचिव दिनेश वाधवानी, कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी, ऑडिटर कन्हैयालाल रामनानी बनाए गए। शिक्षा समिति सदस्य में कमल प्रेमचंदानी, ओमप्रकाश टहिलयानी और पुरुषोत्तम टिलवानी के नाम हैं।









"विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष, सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विक्रमोत्सव
26 फरवरी से 30 जून 2025
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. अर्जुनराम मेघवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार
प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति
वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल
रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर
सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर
30 मार्च, 2025, उज्जैन
जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
जल गंगा संवर्धन अभियान
शुभारंभ
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट
'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें
D-11218/24
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

### नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय

# विक्रम संवत: प्रकृति संरक्षण, संवर्धन व विकास का उत्सव



**डॉ. मोहन यादव**

*भारतीय नववर्ष की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं... आज से विक्रम सम्वत् 2082 आरंभ हुआ है। यह प्रदेशवासियों के लिये गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् के उज्जयिनी से शुरू हुआ। यह सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक की तिथि है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रवर्तन किया था। न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य को समूचे विश्व में स्मरण किया जाता है। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को 'सिंहासन बत्तीसी' कहा जाता है।*




भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। इसे कहीं गुड़ी पड़वा तो कहीं चैती चांद, कहीं युगादि तो कहीं उगादि और कहीं नवरोज अगदु के रूप में मनाया जाता है। विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला नववर्ष का यह पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसके साथ नवरात्र का आरंभ होता है। यह नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के लिए होते हैं।

नवसम्वत्सर की तिथि सृष्टि निर्माण की तिथि है। इसका निर्धारण संपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ हुआ है। इसे मनाने की परंपरा व्यक्ति, परिवार और समाज, तीनों के स्वस्थ जीवन और समृद्धि को ध्यान में रखकर शुरू की गई। यह हमारे पूर्वजों के शोध की विशेषता है कि हजारों वर्ष पहले पूर्वजों को ग्रहों की गति और नक्षत्रों की स्थिति का पूर्ण ज्ञान था और इस गणना को ही वैदिक घड़ी कहा गया है। बाबा महाकाल की नगरी विश्व में कालगणना का केंद्र रही है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन की वेधशाला में स्थित विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की पुनर्स्थापना की है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह उत्सव 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इस 125 दिन तक चलने वाले उत्सव में विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ सम्राट विक्रमादित्य के समूचे व्यक्तित्व, कृतित्व और विशेषताओं को परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है।

श्रीकृष्ण की दीक्षा नगरी उज्जयिनी का संबंध भारत की हर विशेषता से है। उज्जैन धरती के केन्द्र में स्थित है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि सांदीपनि आश्रम से श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण का आरंभ होगा। मध्यप्रदेश का 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केन्द्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की अवधारणा अनुसार बजट को बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। इस बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का भी प्रावधान है। वर्ष भर के संकल्पों की पूर्ति के लिए हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। हमारा यह बजट मध्यप्रदेश की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए बनाये रोडमैप के संकल्प की पूर्ति के लिए है। इसमें आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय, सतत् विकास के साथ प्रधानमंत्री जी का मंत्र, ज्ञान, पर ध्यान शामिल है। ज्ञान के चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान हैं। इसमें गरीब कल्याण में अंत्योदय की अवधारणा को साकार किया जायेगा। युवा शक्ति में कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा रोज़गार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। अन्नदाता में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। नारी शाक्ति में महिलाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाने के लिए आयोजना बनाई गई है।

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विरासत से विकास का सूत्र दिया है। उनके नेतृत्व में समाज, प्रदेश और देश को सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अपनी तरह से कार्य कर रही है। मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के 'विरासत के साथ विकास' मंत्र को प्रदेश में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों के विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के इस अभियान में ओंकारेश्वर, उज्जैन, मैहर आदि धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ पर्व के आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय के लिए अलग से बजट है। हम इन स्थानों पर अधोसंरचना विकास के साथ पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य करेंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आएगी।

प्रधानमंत्री जी के लोकल फॉर वोकल के संकल्प को आकार देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इंडस्ट्री समिट में प्राप्त प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जायेगा। इससे मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की विशेषता, क्षमता और दक्षता विश्व स्तर तक पहुंचेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। गुड़ी पड़वा के अवसर पर हमारी परंपरा में सूर्योदय के पहले बहते हुए स्वच्छ जल में स्नान करने का विधान है। ऊषाकाल में सूर्य को प्रणाम किया जाता है। यह जलस्रोत के प्रवाह स्थल को सुरक्षित रखने का संकल्प है। प्रकृति के इस संदेश को स्वरूप प्रदान करते हुए हम प्राकृतिक स्रोतों की सुरक्षा के लिए आज से जल गंगा अभियान शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उज्जैन के क्षिप्रा तट से होने जा रही है। इसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जलस्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख जलदूत तैयार किये जायेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जलस्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। यह अभियान आज से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। मुझे विश्वास है कि यह अभियान प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

भारतीय नववर्ष प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और निर्माण की प्रेरणा देता है। इसमें सृष्टि, संस्कृति और समाज का संगम है। ऋतुकाल संधि के इन दिनों में नवचेतना, नवजागृति का संदेश है। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रकृति के नवसृजन और विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लेता हूं। मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष आरंभ होने वाले विशेष प्रयास आप सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली और आनंद लेकर आएंगे। यह वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो, शुभ हो। एक बार पुनः भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# थाईलैंड-म्यांमार भूकंप: भारत के लिए खतरे की चेतावनी, आखिर कितने अलर्ट हैं हम?

**अरुण नैथानी**

लेथाईलैंड-म्यांमार का विनाशकारी भूचाल वहां जो तबाही मचा चुका है, वह बेहद दुखद और चिंताजनक तो है ही, लेकिन भारत के लिए और खासकर भूकंप के लिए अति संवेदनशील हिमालयी राज्यों के लिए सजग रहने की एक चेतावनी भी है, क्योंकि म्यांमार से लेकर जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख तक निरंतर भूकंप के झटके आ रहे हैं। तिब्बत में तो शायद ही कोई दिन हो जब वहां भूकंप के झटके महसूस न किए जाते हों, जबकि यूरेशियन प्लेट में स्थित तिब्बत के भूकंपों का कारण ही हिमालय और इंडियन टेक्टोनिक प्लेट है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के डैशबोर्ड पर अगर नजर डालें तो अकेले 28 मार्च को म्यांमार में रिक्टर स्केल पर 4 से लेकर 7.5 परिमाण के 9 झटके दर्ज किए गए हैं। उसी दिन म्यांमार से लगे मणिपुर के कामजौंग और चंदेल तथा मेघालय के गारो हिल्स में भी भूकंप दर्ज किए गए।उत्तराखंड के चमोली में भी उसी दिन 3.2 परिमाण का भूकंप दर्ज किया गया। अगर 15 मार्च से लेकर 29 मार्च तक के आंकड़े देखें तो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पूर्वोत्तर तक के हिमालयी राज्यों में 17 और तिब्बत में 8 भूकंप दर्ज किए गए हैं। ये झटके स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट और खासकर हिमालय का भूगर्भ अशांत है। केवल हिमालय ही नहीं, अफगानिस्तान तक हिंदूकुश का भूगर्भ भी मचल रहा है और इसका कारण भूवैज्ञानिक धरती के अंदर निरंतर जमा हो रही भूगर्भीय ऊर्जा को मानते हैं, जो कि बाहर निकलने के लिए मचल रही है।



भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जो आनी ही है और इसे रोका भी नहीं जा सकता। हमें केवल ऐसी प्राकृतिक व्यवस्था के साथ जीना सीखना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सतर्कता और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। भूकंप स्वयं किसी को नहीं मारता, बल्कि उसके कारण कमजोर या अवैज्ञानिक तरीके से बनी इमारतें गिरती हैं और जनहानि होती है।इस संदर्भ में, 2001 में आए भुज भूकंप (6.9 तीव्रता) और 1993 के लातूर भूकंप (6.4 तीव्रता) में हजारों लोगों की मौत हुई थी, क्योंकि वहां की निर्माण शैली भूकंपरोधी नहीं थी। वहीं, 1991 में उत्तरकाशी (6.6 तीव्रता) और 1999 में चमोली (6.8 तीव्रता) में आए भूकंपों के दौरान हताहतों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम रही—उत्तरकाशी में लगभग 700 और चमोली में 103 लोगों की जान गई। जबकि तीव्रता लगभग समान थी, लेकिन हिमालयी क्षेत्रों में घर अपेक्षाकृत हल्की सामग्री से बने थे, जिससे क्षति कम हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि यदि निर्माण कार्य वैज्ञानिक तरीकों से किए जाएं, तो भूकंप से होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है।

वैज्ञानिक मानते हैं कि भारतीय प्लेट हर साल लगभग 5 सेमी की गति से उत्तर की ओर खिसक रही है और यूरेशियन प्लेट के नीचे धंस रही है। यह टकराव सतह के नीचे जबरदस्त तनाव उत्पन्न कर रहा है, जिससे कभी भी विनाशकारी भूकंप आ सकता है। तिब्बत में लगातार दर्ज हो रहे छोटे-बड़े झटके इस बात के संकेत हैं कि यह क्षेत्र एक बड़े भूकंप की ओर बढ़ रहा है। यदि यह संचित ऊर्जा एक बार में मुक्त होती है, तो इसका प्रभाव किसी परमाणु विस्फोट से अधिक विनाशकारी हो सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह भूकंप 8.5 से 9.0 तीव्रता का हो सकता है, जो पूरे उत्तर भारत को झकझोर सकता है और हिमालयी राज्यों में भयानक तबाही मचा सकता है। हिमालयी क्षेत्र में 100 वर्षों से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। 1897 में असम (8.1 तीव्रता), 1905 में कांगड़ा (7.8 तीव्रता), 1934 में बिहार-नेपाल (8.0 तीव्रता) और 1950 में असम-तिब्बत (8.6 तीव्रता) के बाद इस क्षेत्र में कोई बड़ा भूकंप नहीं हुआ है। इस वजह से पिछले एक सदी में यहां विशाल मात्रा में भूकंपीय ऊर्जा जमा हो चुकी है। जब यह ऊर्जा मुक्त होगी, तो हिमालयी क्षेत्र में भारी विनाश होगा। हजारों इमारतें, पुल और सड़कें ध्वस्त हो सकती हैं, ग्लेशियर टूट सकते हैं और बड़े पैमाने पर भूस्खलन और बाढ़ आ सकते हैं। टिहरी और भाखड़ा नंगल जैसे जलाशय भी खतरे में हैं, जो यदि भूकंप के प्रभाव में टूटते हैं, तो पूरे उत्तर भारत में जल प्रलय आ सकता है।

इस स्थिति को देखते हुए भारत को तत्काल सावधान होने की जरूरत है। भूकंपरोधी निर्माण नियमों को सख्ती से लागू करना होगा, पुरानी इमारतों को मजबूत करना होगा और नई इमारतों को वैज्ञानिक मानकों के अनुसार बनाना होगा। आपदा प्रबंधन को आधुनिक तकनीकों से लैस करना होगा और भूकंप पूर्वानुमान प्रणाली को विकसित करना होगा। जापान की तरह मोबाइल अलर्ट सिस्टम शुरू किया जाना चाहिए, जिससे लोगों को भूकंप आने से पहले चेतावनी मिल सके। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में भूकंप सुरक्षा प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि सरकार और आम जनता इस खतरे को गंभीरता से लें। अगर समय रहते सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो यह संभावित आपदा लाखों लोगों की जान ले सकती है और भारत की अर्थव्यवस्था को गहरा आघात पहुंचा सकती है। थाईलैंड और म्यांमार में आया भूकंप केवल एक आपदा नहीं, बल्कि एक संकेत है—एक चेतावनी कि हिमालय के गर्भ में विनाश पल रहा है और हमें अभी से तैयार हो जाना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं। )**




# हंसकर जीवन सहज बनाने का दिन अप्रैल फूल दिवस

**शिखर चंद जैन**

अप्रैल फूल डे के अवसर पर कई देशों में दोस्तों और परिजनों को मूर्ख बनाने, हंसी ठिठोली या चुहलबाजी करने का रिवाज लंबे समय से प्रचलित रहा है। दूसरों को मूर्ख बना कर हंसने व ठहाके मारने और मजे लूटने की परंपरा पूरी दुनिया में प्रचलित है। हां ,हर देश व समाज में इसका अंदाज जरा अलग-अलग है।अप्रैल फूल बनाने की शुरुआत दरअसल फ्रांस से ही हुई थी। वहां साल 1582 में कैलेंडर बदलकर जनवरी से दिसंबर तक कर दिया गया था। लेकिन उन दिनों संचार व्यवस्था बहुत दुरुस्त तो थी नहीं, इसलिए कई लोग पहले की तरह 1 अप्रैल से 31 मार्च तक का वर्ष मानकर 1 अप्रैल को ही नववर्ष का जश्न मनाते थे। ऐसे लोगों को मूर्ख बताकर खूब मजाक उड़ाया जाता था। बाद में इन्हें ही अप्रैल फूल कहने लगे। वहां लोगों को मूर्ख बनाने के लिए पाईसन डेवरिल (अप्रैल फिश) यानी कागज की बनी मछली पीठ पर चिपका देते थे। बाद में शरारत के शिकार को खूब चिढ़ाते थे।जर्मनी में अप्रैल फूल के दिन खूब मजाक किए जाते हैं । इसे यहां एप्रिलशेर्ज कहते हैं। यहां अखबार, टीवी चैनल और रेडियो इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ये ऐसी स्टोरी चलाते हैं जो सुनने में आश्चर्यजनक हो व सच लगे। लेकिन होती 'फूल' बनाने के लिए है।ग्रीस में अप्रैल के पहले दिन आप किसी को मूर्ख बनाने में सफल हो जाएं तो आप को भाग्यशाली माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन सफलतापूर्वक किसी को बेवकूफ बना दें तो पूरे साल किस्मत साथ देती है। विश्वास यह भी कि प्रैंक करने में सफल रहे तो अच्छी फसल होगी।स्कॉटलैंड में दोस्तों को 'मुर्गा' यानी बेवकूफ बनाने का जश्न 2 दिन मनाया जाता है। इस दिन का नाम ही है- मुर्गे का शिकार करो यानी हंट द गॉक डे।हंसी-मजाक में किसी से कम नहीं होते रूसी।

यहां अप्रैल फूल डे पर खूब मौज-मस्ती होती है। कॉमेडियंस शोज़ आयोजित करते हैं व कॉमेडी से लाखों लोगों का मनोरंजन करते हैं। पहली अप्रैल का दिन हंसी-मजाक में बीतता है ।यूनान के लोग जिंदादिल होते हैं। यहां के लोग हंसी-मजाक और चुहलबाज़ी को सकारात्मक रूप में लेते हैं। इनकी मान्यता है कि जब आपके साथ कोई मजेदार शरारत होती है तो दुर्भाग्य सौभाग्य में बदल जाता है। हालांकि दिल दुखाने वाली शरारत या हानि पहुंचाने वाला मजाक नहीं करते। ब्राजील में 1 अप्रैल को झूठ का दिन घोषित किया गया जो स्थानीय भाषा में 'ओ दीया दास मेंटायर' है। इस दिन झूठ बोलकर एक-दूसरे को मूर्ख बनाते हैं। इस परंपरा की शुरुआत 1 अप्रैल 1828 से हुई जब ए मेंटीरा नामक हास्य-व्यंग्य के अखबार ने ब्राजील के संस्थापक डॉन पेड्रो की मृत्यु का झूठा समाचार छापा। पाठकों ने इस बात पर विश्वास कर लिया और मूर्ख बन गए।

**दो बार मनता है यह दिन डेनमार्क**

डेनमार्क और स्वीडेन में दो बार अप्रैल फूल्स डे की तरह बेवकूफ बनाने और मजाक की परंपरा है। एक मई को 'माज काट' यानी मई कैट डे जोक्स के लिए ही फिक्स कर दिया गया है। अप्रैल की 1 तारीख को भी फूल्स डे मनाते हैं। यहां चुटकुलों, हंसी ठहाकों और मूर्ख बनाने का दिन 28 दिसंबर है। इसे 'होली इनोसेंट्स डे' या 'चिल्डरमास' कहते हैं। इसका अर्थ हुआ पवित्र अज्ञानी दिवस। यह उत्सव लैटिन अमेरिका तक मनाया जाता है। वैसे तो यह क्रिश्चियन फीस्ट डे है मगर इसमें प्रैंक की परंपरा भी शामिल हो चुकी है।

# धूमधाम से शुरू हुई श्रीमद् देवी भागवत कथा, नगर में निकली भव्य कलश यात्रा

तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो

नगर तेंदूखेड़ा में शनिवार, 29 मार्च 2025 को आध्यात्मिकता और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। श्री बड़ी खेरमाई समिति मंडल के तत्वावधान में नगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा और विधिवत पूजन के साथ हुआ। यह आयोजन 29 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। कथा के शुभारंभ से पहले दोपहर 3 बजे शहर के दो अलग-अलग स्थानों बड़ी खेरमाई और नगर के तारादेही त्रिगड्डा से भव्य कलश शोभायात्रा शुरू हुई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की





संख्या में मातृशक्ति और भक्तों ने हिस्सा लिया। महिलाएं पारंपरिक साड़ियों में सिर पर मंगल कलश लिए भक्ति भाव में लीन होकर कलष यात्रा में चल रही थी। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और शहनाइयों की मधुर धुनों के बीच मां भगवती के जयकारों ने वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा बड़ी खेरमाई से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से तारादेही तिराहा, बाजार का मुख्य मार्ग से राममंदिर से होकर जबलपुर दमोह मुख्यमार्ग होते हुए ज्वाला मंदिर होकर पंचवटी मंदिर से गुजरी, जहां स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा और आरती उतारकर स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस भक्ति रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में शामिल रथ, जिस पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजमान थी और दूसरे रथ पर रामदरवार तो अन्य रथों पर भव्य और दिव्य झांकिया सजाई गई थी।

शोभायात्रा के बाद तेंदूखेड़ा की बड़ी खेरमाई स्थित कथा स्थल पर विधि-विधान से पूजन, हवन और मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात कथावाचक उत्तम स्वामी महाराज ने कथा की प्रस्तुति शुरू की। अपने पहले दिन के प्रवचन में उन्होंने मां भगवती के विभिन्न रूपों, उनके अवतारों और इस पुराण के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी महाराज ने कहा, श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि यह जीवन के चार पुरुषार्थ - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। कथा के पहले दिन मां शैलपुत्री की महिमा का गुणगान हुआ, जिसमें भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर मंत्रमुग्ध होकर श्रवण किया। कथा पंडाल को फूलों, रंग-बिरंगी लाइट्स और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा से सजाया गया है, जो इसे एक अलौकिक स्वरूप प्रदान कर रहा है। श्रीमद् देवी भागवत पुराण हिंदू धर्म के 18 महापुराणों में से एक है और इसे शक्ति संप्रदाय का आधार माना जाता है। इसमें मां भगवती के नौ रूपों, उनके लीलाओं और भक्तों पर उनकी कृपा की विस्तृत व्याख्या की गई है।

विद्वानों के अनुसार, इस कथा के श्रवण से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति भी होती है। प्रतिदिन सुबह दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के साथ-साथ प्रतिदिन हवन, भजन संध्या और प्रसाद का आयोजन भी होगा। अंतिम दिन 7 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

### खस्ताहाल सड़क बनी लोगों को मुसीबत, जनप्रतिनिधि-अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# चौपट सड़कें, ध्वस्त यातायात व्यवस्था मंदिरों में जल चढ़ाने कैसे पहुंचेंगे भक्त

तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

नगर में जितनी भी विकास की बात की जाएं तो कम है क्योंकि यहां पर विकास के नाम कुछ भी नहीं है ना ही अच्छी सड़कें हैं ना ही यातायात व्यवस्था ना ही साफ सफाई सिर्फ कागजों में सभी विकास दिखाई और नजर आ रहे हैं आम जनता इन सभी समस्याओं से जूझ रही है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है नगर में बैठे अधिकारियों द्वारा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं है सिर्फ आए दिन नगर में जाम लग रहा है तो वहीं खस्ताहाल सड़क पर चलने में लोगों को दिक्कत हो रही तो वहीं बाइक सवार आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं तो वहीं नगर के अंदरूनी वार्डों में साफ सफाई नहीं होने से कचरे के ढेर लगे हुए नजर आ रहे हैं दरअसल तेन्दूखेड़ा नगर परिषद के अंतर्गत 15 वार्ड आते हैं लेकिन इनमें से कुछ वार्डों की सड़क खस्ताहाल है दरअसल नगर के वार्ड क्रमांक 9 में जनपद पंचायत जाने वाला मार्ग तीन साल में खस्ताहाल है जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है अब फिर से महिलाओं और बच्चों सहित लोगों को इस खस्ताहाल सड़क से सुबह जल चढ़ाने के लिए जाना पड़ेगा

शहरवासियों को उम्मीद थी कि चैत्र नवरात्रि पर्व तक नगर की सभी उखड़ी पड़ी सड़कों सहित जनपद मार्ग वाली सड़क की मरम्मत नवरात्र पर्व के पहले हो जायेगी, लेकिन आज तक गड्डों को नहीं भरा जा ना सका है ना ही जनपद मार्ग का निर्माण कार्य हो सका है जहां आज शुरु होने वाले नवदुर्गा पर्व पर भी शहरवासियों को शहर की ऊबड़-खाबड़ खस्ताहाल सड़कों पर चलकर त्योहार मनाना पड़ेगा आज से शुरु हो रहे भक्ति आराधना के 9 दिवसीय पर्व को लेकर जिलेभर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह जगत जननी मां दुर्गा की पूजा अर्चना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं

जहां एक और पीएम, सीएम सहित शासन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान है तो दूसरी और तेन्दूखेड़ा नगर परिषद में यह अभियान दिखावा साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है जहां वार्ड के लोग नगर परिषद के कार्यालय नहीं पहुचकर सोशल मीडिया पर नगर परिषद को तस्वीरे दिखा रहे है और स्वच्छ भारत मिशन का सपना चकनाचूर हो रहा है दर असल नगर परिषद के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं और नगर को एक साफ सुधार नगर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है लेकिन तेन्दूखेड़ा नगर परिषद के 15 वार्डो में स्वच्छता अभियान सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है नगर के मुख्य मार्गो को छोड़कर अंदर वार्डो मे जहां तहा कचरे के ढेर लगे हुए दिखाई दे रहे हैं तो वहीं नालियों भी चोक पड़ी हुई है जिससे बारिश के बाद नालियों चौक होने से पूरी गंदगी सड़कों व लोगो के घरों में पहुंच जाती है वही बस स्टैंड तारादेही मार्ग खकरिया मार्ग थाना मार्ग मढियाघाट मार्ग सहित कई जगह कचरों का ढेर लगा हुआ है तो वहीं मुख्य सड़कों पर बस दिखावा करते हुए साफ सफाई कराई जा रही है नगर के लोगों का आरोप है कि नगर द्वारा नगर के विकास और साफ सफाई व अव्यवस्थाओं पर बिलकुल भी ध्यान नहीं है लोगो का कहना है आज से चैत्र नवरात्रि पर्व शुरू हो चुका है और नगर की साफ सफाई व्यवस्था टप पड़ी हुई है कचरों के ढेर तो नालियों चोक कही सड़कों पर कीचड़ व गंदगी तो पूरे मार्ग खस्ताहाल होने से परेशानियों का समना करना पड़ेगा।





#### पैदल चलने लायक भी नहीं बचीं नगर की सड़कें

नगर में सबसे ज्यादा चलने वाली जनपद मार्ग की रोड की ऐसी दुर्दशा हुई है बस स्टैंड के मुख्य मार्ग से जनपद कार्यालय तक यह सड़क चलने लायक नहीं बची है। सड़क में जगह-जगह इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं दोपहिया व चारपहिया वाहनों के चालक तथा सवार सभी परेशान हैं। लोगों को कमर दर्द की भी समस्या होने लगी है पूरी सड़क का डामर उखड़ चुका जानलेवा गड्ढे होने से पैदल चलना तक दूभर हो गया है आज से चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो रहा है और सुबह चार बजे से महिलाओं और परुष बच्चों सहित अन्य लोगो सुबह से माता भगवती के लिए जल चढ़ाने से खेर माता सहित अन्य मंदिर और देवी पंडालों में जाएंगे लेकिन उनके लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि नगर परिषद के 15 ही वार्डो में खस्ताहाल सड़क होने के कारण भक्तों को गड्ढों से भरा हुआ मार्ग तय करना पड़ेगा दर असल आज से चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो रहा है और सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का ताता लगना शुरू हो जाता है तो इस बार ज्यादा दिक्कतें का सामना करना पड़ेगा नगर के वार्डों के मार्ग जर्जर हो गए हैं रास्तों में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस कारण इन सड़को की गिट्टी लोगों को घायल कर रही है वहीं सुबह से जल चढ़ाने वाले भक्तों नगे पैर ही जल चढ़ाने के लिए जाते हैं तो उनके लिए मुश्किलें बढ़ गई है जर्जर हो चुके नगर के वार्डो के मार्ग की मरम्मत कराने के लिए नगर वासियों द्वारा कई बार अधिकारियों से कहा लेकिन इस और किसी ने ध्यान नहीं दिया है सबसे ज्यादा खस्ता हालत जनपद पंचायत जाने वाले मार्ग की है जहां बड़ी संख्या में इस मार्ग से महिलाएं जल चढ़ाने से सुबह से निकलती हैं वहीं इसी मार्ग से कोई वाहन तेज रफ्तार से निकलता है तो सड़क का कीचड़ व गंदा पानी उछलकर लोगों की ऊपर छिता पड़ता है और वह गंदे हो जाते हैं वहीं नगर के अन्य वार्डो के अंदर की सड़कों के भी हालत खराब है जल मिशन योजना के तहत नर्मदा पाइपलाइन के लिए लोगों द्वारा खुदे गई सड़कों की आज तक मरम्मत नही कराई गई है ना ही नगर परिषद ने ना ही जल मशीन कंपनी के अधिकारियों ने जिस कारण बारिश में नगर के सभी मार्ग खस्ताहाल और खराब हो चुके हैं जिनमें पैदल चलना भी दूभर और मुश्किल है इन्हीं मार्गों से आज से मंदिरों में सुबह से महिलाओं पुरुष बच्चों सहित अन्य लोग जल चढ़ाने निकलेगे जिन्हें सड़कों की खस्ताहाल हालत और गिट्टी पैर में चुबन व लगने से घायल होने की संभावना है।

#### यातायात व्यवस्था चौपट प्रशासन का नहीं ध्यान

वहीं नगर की यातायात व्यवस्था की पूरी तरह चौपट हो चुकी है अगर नगर के मुख्य मार्ग की बात की जाएं तो सड़कों के दोनों तरफ बड़े बड़े वाहन हाथ ठेला और व्यापारियों द्वारा लोडिंग अनलोडिंग की जा रही है जिससे आए दिन सड़क पर जाम जैसे हालात बनते हैं लेकिन इस और पुलिस का कोई ध्यान नहीं है अब चैत्र नवरात्रि पर्व शुरू हो चुका है जहां सुबह शाम महिलाएं बच्चे पुरुष सहित अन्य भक्तों मंदिरों में पहुंचेंगे जहां इन्हें परेशानियों के बीच चलना पड़ेगा जहां इन मार्गों पर हादसों का खतरा बना रहता है

### शिक्षकों ने घर-घर जाकर दिए पीले चावल

## छात्रों ने रैली निकालकर प्रवेशोत्सव मनाने दिया न्यौता



गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामवासियों को संदेश दिया कि शिक्षा है तो हम है बगैर शिक्षा के हमारा कोई महत्व नही है इस तरह के बिभिन्न नारे लगाते हुए छात्र रैली मे चल रहे थे। साथ मे शिक्षक घर घर पीले चावल देकर ग्रामवासियों को 1 अप्रेल को प्रबेश उत्सब हेतू आमंत्रित कर रहे थे 6 बर्ष के छात्रो को कक्षा 1 प्रबेश दिलाने और अप्रबेशी छात्र यदि कोई ग्राम मे हो तो ग्रामवासियों को उसका प्रबेश दिलाने हेतू भी कह रहे थे। शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ग्रामवासियों को पीले चावल देकर शाला की अच्छाई भी बता रहे थे कि हमारी शाला मे मां सरस्वती के साथ कम्प्यूटर प्रोजेक्टर एलसीडी से शिक्षा आरो बाटरकूलर का स्वच्छ ठंडा जल आकर्षक पुस्तकालय भोजन हेतू डायनिंग सुरक्षा हेतू कैमरे अच्छी शिक्षा संस्कार योग्य शिक्षको के साथ शासन द्वारा प्रदाय मीनू अनुसार भोजन निशुल्क पुस्तक ड्रेस छात्रबृति आदि अन्य कई सुबिधाए है हम प्राइबेट शालाओ से पीछे नही है इस अवसर पर शिक्षक गोपालदास अहिरबार, रानी रघुवंशी कालेज छात्रा आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार रसोईया गंगा सैन ओमबती लोधी उपस्थित थी।

## त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु, मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**नर्मदापुरम**. अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डी.के. सिंह ने चैत्र श्राद्ध अमावस्या (स्नान पर्व), चैत्र नवरात्र प्रारंभ, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, चैती चांद, रामनवमी/ श्रीदुर्गो नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती/ स्नान दान पूर्णिमा, अम्बेडकर जयंती, गुड फ्राईडे, स्नान दान अमावस्या, अक्ष्य तृतीया / परशुराम जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अपने अनुभाग स्तर अंतर्गत मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार श्री सिंह ने श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम एवं बृजेन्द्र रावत सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम, टी. प्रतीक राव अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी, अनिल जैन अनुविभागीय दण्डाधिकारी सोहागपुर, सुश्री अनिशा श्रीवास्तव अनुविभागीय दण्डाधिकारी पिपरिया एवं श्रीमती सरोज परिहार अनुवभिागीय दण्डाधिकारी सिवनीमालवा की ड्यूटी लगाकर उन्हें अपने-अपने संपूर्ण अनुविभाग एवं घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है।

## महिला कर्मचारियों की शिकायत पर आयुक्त ने एसडीएम असवन चिरामन को किया सस्पेंड

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

जिले के सोहागपुर के एसडीएम असवन राम चिरामन को कमिश्नर केजी तिवारी ने सस्पेंड कर दिया है। हालांकि ये कार्रवाई किस आधार पर की गई है, इसका अभी खुलासा नहीं किया गया है। न ही इसका आदेश सामने आया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात में ये कार्रवाई की गई है।



कमिश्नर केजी तिवारी के अनुसार कुछ ऐसी चीजें सामने आई हैं जिन्हें आप भी पसंद नहीं करोगे। ऐसी बातें हैं जो सभ्य समाज पसंद नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टर की जांच रिपोर्ट आई थी। जिसके बाद उन्हें हटा दिया। अभी जांच चलेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम चिरामन के खिलाफ कुछ महिला कर्मचारियों ने कलेक्टर को शिकायत की थी। इस पर कलेक्टर ने 22 मार्च को उन्हें कलेक्ट्रेट में अटैच कर दिया था, लेकिन कलेक्टर के इस आदेश पर 25 मार्च को कोर्ट से स्टे लेकर आ गए थे। हालांकि, इस दौरान प्रशासन ने जांच जारी रखी थी।

एसडीएम चिरामन ने सभी आरोपों को झूठा बताया है। उनका कहना है कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। फिलहाल असवान राम चिरामन को जिला मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन को सोहागपुर एसडीएम नियुक्त किया गया है। चिरावन पहले सिंगरौली में एसडीएम रहते महिला से जूते की लेस बंधवाकर चर्चा में आए थे। तब सीएम ने उन्हें हटा दिया था।

## केन्द्रीय जेल खण्ड 'अ' में जिला चिकित्सालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

अधीक्षक केंद्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड -अ में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से सुश्री नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), श्रीमती गीता चौधरी नर्सिंग



ऑफिसर द्वारा अवसाद एवं मानसिक रोग से पीडित जेल में निरूद्ध पुरुष बंदी 23 एवं 09. महिला बंदियों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया।

शिविर के दौरान श्री प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक, हितेश बंडिया-जेल स्टाफ जेल स्टाफ उपस्थित अष्टकोण अधिकारी, डॉ. कुणाल राठौर, श्रीमती इंदुराज साहु (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ रहे।

**मेट्रो एंकर** जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस बैठक में समस्त जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जनपद के अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित जनपद सीईओ तथा स्टाफ को जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत पीपीटी (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से अभियान की आवश्यकताओं, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। समीक्षा बैठक में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौजान सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करें और जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान समस्त जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



#### प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**तेंदूखेड़ा।** प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएषन रविवार की दोपहर 4 बजे से खरे भवन में मासिक बैठक आयोजित की जाएगीं। बैठक में पेंसनर एसोसिएषन के जिला अध्यक्ष जगदीष प्रसाद चैबे की उपस्थिति में एसोसिएषन के हितो में विचार रखे जाएगें। साथ ही आगामी योजनाओ की रूप रेखा तैयार की जाएगी। प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएषन के तहसील अध्यक्ष डाक्टर ओपी अवस्थी ने एसोसिएषन के सभी साथियो से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# भारतीय जैन मिलन का 26वां वार्षिक अधिवेशन, राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

स्थानीय महावीर विहार में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 का क्षेत्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर पीके जैन, क्षेत्रीय नवनिर्वाचित मंत्री वीर नरेश जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय जैन राधौगढ़ सहित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरुआत की महिला जैन मिलन द्वारा परेड निकालकर धर्म ध्वजा को नमन किया। सेवादल के दिव्य घोष के साथ जैन मिलन की प्रत्येक शाखा अपना अपना बैनर लेकर परेड में शामिल हुए ।

सभी अतिथियों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर लिया गया , पश्चात मंच उद्घाटन वीर शीतल चंद कोठारी वीरांगना शांति जैन के द्वारा किया गया। पश्चात क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा आयोजन के स्वागत अध्यक्ष वीरांगना मोना जैन, वीर पुनीत जैन परिवार का स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत नगर अध्यक्ष एवं जैन मिलन बासौदा की सभी शाखाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा किया गया। कुंडलपुर के बड़े बाबा एवं समाधि



सम्राट छोटे बाबा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य 108 श्री समय सागर जी महा मुनिराज के चित्र का अनावरण वीर मनोज रानी वीर महेंद्र जैन बड़कुल परिवार द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन वीरांगना कीर्ति जैन वीर संजीव जैन ,वीरांगना आभा जैन, वीर जितेश जैन, वीरांगना अनीता जैन, वीर सुरेश चंद जैन ओम हार्डवेयर परिवार द्वारा किया गया। पश्चात महावीर प्रार्थना एवं मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य विषय बचे हुए अन्न का उपयोग कैसे करें एवं भोजन का दुरुपयोग कैसे रोके इस संदर्भ में जैन मिलन महिला मुख्य शाखा द्वारा नुक्कड़ नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति दी। जैन मिलन अरिहंत शाखा विदिशा द्वारा नृत्य के माध्यम से भी इस विषय पर विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे स्थानीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि जैन मिलन की सभी शाखाएं पूरे भारतवर्ष में अपने अभूतपूर्व सेवा कार्यों के लिए पहचानी जाती है। जैन मिलन मानव कल्याण की ओर अग्रसर रहते हुए स्वयं एवं पर कल्याण की भावनाओं को भी प्रेषित करती हैं।

वही सांसद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र यादव ने कहा कि जैन धर्म के संस्कार हमें एवं हमारे पूरे परिवार को प्रारंभ से ही मिले हैं मुझे नहीं संपूर्ण पाठशाला परिवार को भी जैन सिद्धांत के अनुसार जीवन जीते जीने की कला विरासत में मिली है । व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि जैन समाज व्यापारिक समाज है, लेकिन अपनी कमाई के हिस्से की अधिकतम राशि सेवा कार्यों में खर्च करती है । मुझे गर्व है जैन समाज के व्यापारी वर्ग पर। जनपद जिला परिषद की सदस्य गायत्री रघुवंशी ने भी अपने उदगार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं समारोह प्रमुख राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने जैन मिलन के संपूर्ण वर्ष के कार्यों को उल्लेखित करते हुए , समाज सेवा के क्षेत्र में रचनात्मक कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक निशंक जैन , वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह ने भी अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए।

### सभापति व जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लिया जायजा

# पोषण के साथ पढ़ाई का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

■ **गैरहाजिर रहने वालों का कटेगा 1 माह का वेतन**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नीब मजबूत करने के लिए सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों का मानसिक शारीरिक विकास करने के आलावा शिक्षा प्रदान की जाएगी उसके लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिला-एव बाल विकास विभाग के द्वारा सभी आंगनवाड़ी को शहर में दो सेंटरों पर प्रदान किया जा रहा है। यहां पर ट्रेनिंग लेकर आई सुपरवाइजर के द्वारा कार्यकर्ताओं को पोषण आर के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाना है। जो शिक्षा प्राइवेट स्कूल में केजी से लेकर नर्सरी तक मिलती है उसे तरह की शिक्षा केंद्रों देनी है उसकी बारीकियां से अवगत कराकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है उनकी समस्याओं का समाधान भी इस दौरान किया जा रहे। महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कई कार्यकर्ताओं ने आना उचित नहीं समझा वही प्रशिक्षणार्थियों अनुपस्थित रहने वाली कार्यकर्ताओं के खिलाफ वेतन काटने की कार्रवाई जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा की जाएगी एक दर्जन के करीब कार्यकर्ताओं के द्वारा महत्वपूर्ण प्रशिक्षण नहीं लिया जा रहा है। इसकी पोल महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत सिंह राजपूत जब



प्रशिक्षण केंटो का निरीक्षण करने पहुंचे तब खुली खुली प्रशिक्षण से अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की एक-एक महीने की वेतन की बात कही इन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रशिक्षण मैं जो जानकारी दी जा रही है उसका अनुसरण सभी को अपने-अपने केंद्रों पर बच्चों के हित में करना है पोषण आहार के साथ शिक्षा भी प्रदान करनी है। इसी तरह जिला महिला बाल विकास विभाग सभापति निशा भगत सिंह रघुवंशी ने सामने भ खुली सबसे पहले इन्होंने आदित्य विद्या बिहार स्कूल के प्रशिक्षण केंद्र जायज लिया और कहां कि सरकार के द्वारा करोड रुपए की राशि खर्च करके प्रशिक्षण दिया जा रहा है महत्वपूर्ण कदम है इसका सही उपयोग हो सभी प्रशिक्षण लेकर बच्चों के लिए करें क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्रों से गरीब वर्ग के बच्चे ही आते हैं उनके हित में सभी कम करें यहां पर जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसको अच्छे से समझे इसके बाद बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का कार्य करें पोषण आहार के साथ हो सभी केंद्रों पर भोजन भी बच्चों को मिले इस बात का भी ध्यान रखें सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं के संबंध में पूछ कई कार्यकर्ताओं ने भवन नहीं होने की जानकारी दी इसमें मुबारकपुर कु कार्यकर्ता ने कहा कि हमारे गांव में भवन नहीं है किराए से भी कोई भवन नहीं देता इसलिए भवन का निर्माण करवाया जरूर करवाया जाए कुछ जगह कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरपंच सचिवों ने कागजों में भवन बना दिए हैं धरातल पर नहीं होने के कारण बच्चों को प्रतिदिन बिठाने में परेशानी होती स्कूलों में बिठाने नहीं दिया जाता है। इसलिए इनका निर्माण करवाया जाए इस पर श्री रघुवंशी ने कहा कि इस संबंध में हम जिला कार्यक्रम अधिकारी से लेकर कलेक्टर से चर्चा करके इस समस्या का समाधान करवाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे ।

**2.30 बजे तक नहीं मिला खाना**

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में चाय नाश्ता के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दोपहर में खाना भी देना इसके लिए बजट आया हुआ है ।शनिवार को प्रशिक्षण केंद्रों पर 2 बजे से लेकर 2.30 बजे तक खाने का कोई अता-पता नहीं था इस बात से अंदाज़ लग जा सकता है कि प्रशिक्षण मैं सम्मिलित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नाश्ता की जगह पर केवल चाय देकर खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है खाने के नाम पर सब गोलमाल कर दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं से जब निशा भगतसिंह रघुवंशी ने इसके संबंध में सवाल किया तो अधिकांश तो चुप रही पर कुछ कार्यकर्ताओं ने दबी आवाज में कहा कि खाना नहीं मिला है कार्रवाई की वजह से अधिकांश कार्यकर्ता खुलकर नहीं बोल पा रही थी इनको पहले ही सुपरवाइजर से लेकर परियोजना अधिकारी ने समझा था दोपहर में जिला कार्यक्रम अधिकारी भी पहुंचे थे।

**इनका कहना है**

प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं होने वाली कार्यकर्ताओं की एक महीने की वेतन काटेंगे जब यह प्रशिक्षण खुद नहीं लेंगे तो बच्चे को क्या देगी खाने की हम जांच करवाएंगे।

-भारत सिंह राजपूत
जिला कार्यक्रम अधिकारी

# हिंदू पर्वों पर न हो मांस की बिक्री : विश्व हिन्दू परिषद



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें मांग की गयी है कि हिंदू पर्वों के दौरान मांसाहार विक्रय को प्रतिबंधित किया जाए और नवरात्रि में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। जिसमें 30 मार्च से 12 अप्रैल तक हिंदू समाज के पावन पर्व नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती, श्री हनुमान जयंती पर्व हैं, इन पर्वों के समय हिंदू जनमानस आस्था के साथ अपने धार्मिक स्थान मंदिरों पर पूजा पाठ के लिए अधिक संख्या में पहुंचते हैं। पूजन में स्वच्छता का विशेष महत्व है एवं महावीर जयंती अहिंसा का पर्व है इसलिए इन पर्वों पर संपूर्ण जिले में 30 मार्च से 12 अप्रैल तक खुले में बिकने वाले मांसाहार को प्रतिबंधित किया जाये जिससे हिन्दू समाज अपने त्यौहार स्वच्छता, पवित्रता और आस्था के साथ मना सकें। नवरात्रि पर्व में महिलाएं प्रातःकाल 4 बजे से ही मंदिरों में जल चढ़ाने हेतु निकलतीं हैं एवं देर रात्रि तक श्र?द्धालुगण मंदिरों में पहुंचते हैं इस दौरान मंदिरों के आसपास में असमाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं इसलिए निवेदन है कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों के पास पुलिस बल बढ़ाया जाये एवं असमाजिक तत्वों पर उचित कार्रवाई की जाए। अन्यथा बजरंग दल स्वयं माता, बहनों की रक्षा के लिए तत्पर रहेगा।

## आयशा खान ने किया माँ-बाप का नाम रोशन, परिवार वालों ने दी बधाई



**सिरोंज।** निजी स्कूल के छात्र आयशा खान बेटी पत्रकार वसीम खान जो कक्षा एलकेजी में 97.6त्न अंक हासिल कर स्कूल में उच्च स्थान हासिल किया है। निजी स्कूल मैं आयशा की क्लास टीचर सना खान ने भी आयशा को बधाई दी। आयशा की इस उपलब्धि पर परिवार वाले ने आयशा को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है । लोगों ने बधाई दी ।

## वाहनों की सघन जांच अभियान जारी, 4 लाख राजस्व वसूला



**विदिशा।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनो की सघन जांच पड़ताल की जा रही है। शनिवार को 13 वाहनो की जांच कर परिवहनो के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चार लाख 61 हजार 950 रूपए का राजस्व वसूला गया है।

जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरजेश वर्मा ने बताया कि विशेष चैकिंग अभियान के तहत शनिवार को बासौदा एवं गुरोद चैराहे पर वाहनो की जांच पड़ताल की गई। जिसमें 24 वाहन नियम विरूद्ध चलते पाए जाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 13 वाहनो से मौके पर कुल चार लाख 61 हजार 950 रूपए का राजस्व वसूला गया है जिसमें शमन शुल्क 88 हजार 500 रूपए तथा मोटरयान कर तीन लाख 73 हजार 450 रूपए शामिल है शेष 11 वाहन प्रकरणों का निराकरण की प्रत्यांशा में जप्त कर पुलिस थाना बासौदा एवं नटेरन के सुरक्षार्थ रखे गए है।

## नववर्ष स्नेह सम्मेलन आयोजित करेगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की अध्यक्षता मे कादरी साहब वाली गली जवाहर रोड पर किया गया। बैठक मे आगामी कार्यक्रमो की जानकारी व मंच पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन देते हुए कादरी ने बताया रमजानुल मुबारक का पवित्र मास अपने आखिरी असरे मे चल रहा है । इस पूरे मास मंच कार्यकर्ताऔ ने गौ दूध और खजूर से रोजा इफ्तार कर गौवंश रक्षा सेवा संवर्धन का नया पाठ सबको सिखाया। यह परंपरा भारत को गौ हत्या मुक्त भारत बनाने मील का पत्थर साबित होगी। डा इंद्रेश कुमार वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिशानिर्देश पर इमदाद फंड से पूरे राष्ट्र मे गरीबो की मदद नवीन वस्त्र वितरण राशन किट भेंट का जो कार्यक्रम इस पवित्र



मास से शुरू किया है उसको साल भर सभी धर्म जाति वर्ग पंथ के पर्व त्यौहार पर चलाते रहने की योजना है जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत होगी। इसी क्रम मे मंच पवित्र मास रमजानुल मुबारक के बाद ईद सह होली मिलन व नववर्ष स्नेह सम्मेलन आयोजित करेगा । इसके अंतर्गत नवरात्र के अवसर पर कन्या भोज, गरीब कन्याऔ को वस्त्र कापी किताबे व उनकी फीस जमा करने की पहल की जाएगी चाहे वे किसी भी धर्म जाति वर्ग पंथ समुदाय की हो।

## एक कदम शाला की ओर, कलेक्टर के नवाचार पर गल्ला व्यापारी ने दीं 51 किटें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रोशन सिंह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए एक कदम शाला की ओर अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। इस दिन प्रवेश लेने वाले बच्चों को जन सहयोग से पढ़ाई की किट भी प्रदान की जाएगी अच्छी व्यवस्थाओं के साथ प्रवेश-सब मनाया जाएगा किट की लागत 260 रुपए के करीब है। कलेक्टर रोशन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे भाभी पीढ़ी के भविष्य को शिक्षित उज्जवल बनाने के लिए एक कदम शाला की ओर प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें बहुत अच्छा जन समर्थन सभी से मिल रहा है यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं जो बच्चों के हित में आगे जाकर जन सहयोग कर रहे हैं किट में शिक्षा



की पूरी सामग्री दी जाएगी। धूमधाम से 1 अप्रैल को सभी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाएंगे। वहीं शनिवार को थोक अनाज तिलहन संघ ने कलेक्टर कदम में सहयोग करते हुएं 51 किटों की राशि बी आर सी कार्यालय में उपलब्ध कराई ।अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कदम उठाया गया इस लिए हमारे संघ ने अपनी तरफ से बच्चों को 51 किटें खरीदने की राशि उपलब्ध करा दी है। कलेक्टर रोशन सिंह के नवाचार को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए सभी समाज जन और समाजसेवी संगठनों से भी शिक्षा के क्षेत्र में सुधार कदम में सहयोग की अपील की है ।

**मेट्रो एंकर** अलविदा के जुमे की नमाज़ मे सैकड़ों लोगो ने अदा की नमाज़

# जामा मस्जिद में इमाम साहब ने अमनो-अमान और शांति के लिए कराई दुआ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रमज़ान के महीने का आखिरी जुमा था जिसको अलविदा का जुमा कहा जाता हे अलविदा के जुमे की नमाज मे मस्जिदों मे बहुत भीड़ देखने को मिली गांव, शहर सब जगह का आदमी मस्जिदों मे अलविदा के जुमे की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही आ गए थे सभी लोग जुमे की नमाज से पहले मस्जिद मे आ कर अपनी अपनी नफ़ल नमाजे पढ़ने मे व्यस्त रहे उसके बाद जुमे की नमाज पड़कर ही बाहर आए

जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मौलवी जाहिद अली नदवी ने बयान करते हुए लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलने की बात कही उन्होंने कहा जैसे हम लोग रमजान मे बुरे कामों से बचते हे अच्छी बाते करते हे नमाज पाबंदी से पढ़ते हे किसी का बुरा करने का नहीं सोचते हे इसे ही हमे रमजान के बाद भी अच्छा इंसान बन कर जिंदगी गुजारना हे जैसे हमारे नबी मोहम्मद साहब ने जिंदगी गुजारने का तरीका हमे बताया हे उनके रास्ते पर चलकर हमारी जिंदगी कामयाब बनेगी



मौलवी जाहिद अली नदवी ने जकात और फितरे पर बयान करते हुए बताया कि जिस इंसान पर ज़कात फ़र्ज़ हे उसे जल्द से जल्द ज़कात अदा करना चाहिए और ईद की नमाज़ से पहले सदका ए फितर अदा करना चाहिए जो घर के हर इंसान की तरफ से अदा किया जाता हे जामा मस्जिद मे अलविदा के जुमे की नमाज हाफ़िज़ मुईन उद्दीन ने पढ़ाई उसके बाद दुनिया मे अमन, शांति, भाईचारे की दुआ कराई जिस पर उपस्थित नमाजियों ने आमीन कहा

ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के प्रदेश सचिव डॉक्टर वसीम ने बताया कि हर गरीब इंसान को भी ईद का त्यौहार मनाना हे

गरीब भी अपनी ईद अच्छे से मना सके इंसान को अपनी जकात और सदका ईद से पहले निकाल देना चाहिए जिससे जिस गरीब तक आपकी जकात और सदका पहुंचे वो भी ईद की तैयारियां ईद से पहले कर ले ईद की खुशियों मे गरीबों का बहुत बड़ा हक़ होता हे।

**अलविदा के जुमे की नमाज इन मस्जिदों मे अदा की गई**

27 मस्जिदो , एवं तीन मदरसों मे नमाज हुई जामा मस्जिद, अरीठे वाली मस्जिद, कोर्ट वाली मस्जिद, मदरसा इस्लामिया मस्जिद, टोरी वाली मस्जिद, घेर वाली मस्जिद, मस्जिद नबी अकरम, सिविल कोर्ट वाली मस्जिद, नक्कास वाली मस्जिद कीड़ी, बड़ी मस्जिद, नाले वाली मस्जिद, फूल मस्जिद, कमन गिरान मस्जिद, नन्नी बी वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद, कछवाड़े वाली मस्जिद, मेहंदिया मस्जिद, बड़ी मस्जिद नयापुरा, पुदीना वाली मस्जिद, रोहिल पूरा मस्जिद , ताज मस्जिद, मिर्दगान मस्जिद, दरिवालान मस्जिद,बिलाल मस्जिद, मुफ्ती साहब वाली मस्जिद, इकरा कालोनी वाली मस्जिद, मदरसा सईदिया, मदरसा रियाजुल इस्लाम, मदरसा उलूमूल क़ुरआन।

**Life&Style**



# धूप में अगर बहुत ज्यादा समय तक रहेंगे तो हो सकता है ये कैंसर

*पूरे देश में भीषण गर्मी पड़ रही है. तेज धूप और लू हर जगह चल रही है. जिसके कारण सभी लोग परेशान है. धूप के कारण लोगों को हीट स्ट्रोक पड़ रहे हैं. अधिकतर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं. वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक धूप के कारण स्किन कैंसर का खतरा बढ़ रहा है. इस कैंसर को मेलानोमा कैंसर भी कहा जाता है. यह कैंसर शरीर के उन अंगों में ज्यादा होता है जिस पर सूरज की तेज रोशनी पड़ती है. विशेषज्ञों के मुताबिक तेज धूप में खुद का बचाव करना चाहिए. ज्यादा से ज्यादा खुद को हाइड्रेट रखें. साथ ही यह कहा गया है कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक कोशिश करें कि धूप में न निकलें.*

### इस वजह से होता है स्किन कैंसर

डॉक्टरों के मुताबिक शरीर पर तेज धूप पड़ने के कारण सुबह 7 से 9 बजे के बीच ही बाहर निकलें. इस दौरान विटामिन डी मिलता है इसके बाद जो धूप होता है वह शरीर के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है. तेज धूप में बाहर न निकलें, अगर निकलें भी तो खुद को कवर करें. सूरज से निकलने वाली अल्ट्रा वायलेट रेय्ज से स्किन कैंसर का खतरा बढ़ता है. साथ ही जिन लोगों को फैमिली हिस्ट्री, इम्युनिटी कमजोर है उन्हें स्किन कैंसर होने का खतरा बढ़ जातका है. हालांकि भारत में दूसरे देशों की मुकाबले स्किन कैंसर का खतरा कम रहता है. गोरे लोगों को स्किन कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है. खासकर गर्दन और हाथों पर कैंसर का खतरा काफी अधिक होता है. स्किन कैंसर का खतरा बढ़ रहा है. इस कैंसर को मेलानोमा कैंसर भी कहा जाता है.



### शरीर पर दिखने वाले स्किन कैंसर के लक्षण

- शरीर पर मस्सा दिखाई दे तो यह स्किन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं.
- स्किन पर सफेद दाग
- स्किन पर खुजली और घाव
- गर्दन पर लाल रंग का पैच होना
- स्किन पर अगर कुछ खास बदलाव दिखे तो स्किन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं.

### इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन

# आज का पहला मैच DC Vs SRH के बीच

## विशाखापट्टनम में तीसरी बार होगा दोनों का सामना, यहां हैदराबाद को पहली जीत की तलाश

**विशाखापट्टनम, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन का दूसरा डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) आज खेला जाएगा। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच दोपहर 3.30 बजे से विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। इस सीजन में दिल्ली का यह दूसरा मैच होगा। टीम ने पहले मुकाबले में लखनऊ को हराया था। वहीं, हैदराबाद तीसरा मैच खेलने उतरेगी। टीम ने पहले मैच में राजस्थान को हराया था। जबकि दूसरे मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विशाखापट्टनम में दोनों टीमें तीसरी बार भिड़ेंगी। इससे पहले खेले गए दोनों मुकाबले दिल्ली ने जीते। दिन के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़ंत होगी। दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ढ्ढक्क में अब तक 24 मैच खेले गए। 13 मुकाबलों में हैदराबाद और 10 में दिल्ली को जीत मिली। जबकि एक मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका। दिल्ली के लिए आशुतोष शर्मा ने पिछले मैच में नाबाद 66 रन की पारी खेली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। टीम में फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे शानदार बल्लेबाज हैं। मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा और मुकेश कुमार टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को मजबूत बना रहे हैं।

**बल्लेबाजी काफी मजबूत:** एसआरएच की बल्लेबाजी सभी टीमों में सबसे मजबूत है। स्त्र॥ के बल्लेबाज पिछले सीजन से शानदार फॉर्म में हैं। टीम में ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन जैसे खतरनाक बल्लेबाज हैं, जो किसी भी टीम की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा सकते हैं। ईशान ने इस सीजन अपने पहले ही मैच में सेंचुरी जड़ी थी। टीम में सिमरजीत सिंह, हर्षल पटेल और मोहम्मद शमी जैसे बॉलर हैं।





### आज का दूसरा मैच राजस्थान और चेन्नई के बीच, जीत का खाता खोलने उतरेगी आरआर, सीएसके ने दो में से एक मैच जीता

**गुवाहाटी।** आईपीएल में आज डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेला जाएगा। दिन के दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी। मैच राजस्थान के दूसरे होम ग्राउंड गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। राजस्थान का इस सीजन यह तीसरा मैच रहेगा। टीम को दोनों शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच में हैदराबाद ने और दूसरे में कोलकाता ने हराया। चेन्नई का भी यह तीसरा मैच होगा, टीम एक मैच जीती और एक में हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई और राजस्थान के बीच ढ्ढक्क में कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। 16 चेन्नई ने जीते जबकि 14 में राजस्थान को जीत मिली। वहीं, बरसापारा स्टेडियम में पहली बार सामना होगा। राजस्थान रॉयल्स से विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 103 रन बनाए हैं। इनमें 1 अर्धशतक शामिल है। वहीं तुषार देशपांडे ने टीम की ओर से सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके हैं। चेन्नई के रचिन रवींद्र टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 2 मैच में 106 रन बनाए हैं। उनके अलावा, कप्तान ऋतुराज गायकवाड दूसरे नंबर हैं। गायकवाड ने 2 मैचों में 53 रन बनाए हैं। वहीं नूर अहमद टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच बैटिंग-फ्रेंडली है। यहां पर अब तक हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिले हैं। यहां अब तक 5 ढ्ढक्क मैच खेले गए हैं। दो में पहली इनिंग में बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली। वहीं, इतने ही मुकाबले चेज करने वाली टीम ने जीते। एक मैच बेनतीजा रहा। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 199/4 है, जो राजस्थान ने 2023 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

### स्टुटगार्ट ओपन टेनिस

## यूक्रेन की खिलाड़ी मार्ता ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



**स्टुटगार्ट, एजेंसी**

यूक्रेन की गैरवरीय खिलाड़ी मार्ता कोस्तयुक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे स्टुटगार्ट टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया है। यूक्रेनी खिलाड़ी ने अंतिम-16 में पांचवीं वरीय चीन की क्विनवेन झेंग को 6-2, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। अब उनका सामना अमरीका की तीसरी वरीय खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। उन्होंने हमवतन खिलाड़ी साचिया विकेरी को कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-5 से मात दी।

### कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट

## अबासोव को हराकर खिताब जीतने की उम्मीद कायम

**टोरंटो, एजेंसी**

भारत के 17 वर्षीय खिलाड़ी डी गुकेश ने यहां खेले जा रहे कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट के 12वें दौर में अजरबैजान के 28 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी निजात अबासोव को हराकर खिताब जीतने की उम्मीदों को कायम रखा है। 12वीं बाजी में गुकेश ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर निजात को हराया। वह 7.5 अंकों संग रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अमरीकी खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा भी लगातार तीसरी जीत के साथ खिताबी होड़ में शामिल हो गए हैं।




उन्होंने 12वीं बाजी में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को शिकस्त दी। प्राग ने इयान को ड्रॉ पर रोका- 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी आर प्रग्गनानंदा भले ही जीत हासिल नहीं कर सके लेकिन उन्होंने शीर्ष पर चल रहे इयान नेपोम्नियाचची को ड्रॉ पर रोक दिया।

**मेट्रो एंकर** | ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025

# मप्र रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

**नईदिल्ली. एजेंसी**

ऑल इण्डिया इंटर यूनीवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन चण्डीगढ में किया गया। चंडीगढ में आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 4 स्वर्ण और 5 कांस्य सहित 9 पदक अर्जित किये।

**अर्जित पदक :** मेन्स कॉक्सलेस 4 2000मी. में बंटी सेंधव, राघब सरन, प्रयश, धीरज वर्मा ने जीता 1 स्वर्ण पदक, डबल कॉक्सलेस स्कल 2000मी. इवेन्ट में अर्जुन गुर्जर, वेदांश तहरिया ने जीता 1 स्वर्ण, डबल स्कल्स 2000मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर, अमन सिंह की जोड़ी ने 01 स्वर्ण, ओपन मेन्स क्वार्टरपुल स्क्ल्स 2000मी.इवेन्ट में अमन सिंह,वेदांश तहरिया, अरविंद गुर्जर और हरिओम ठाकुर की टीम ने 1 स्वर्ण पदक, ओपन मेन्स कॉक्सलेस -4 2000मी. इवेन्ट में गोपाला वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने 1 कांस्य पदक। ओपन मेन सिंगल स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में आदित्या सिंह ने कांस्य पदक, मेन सिंगल स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में अमन सिंह ने कांस्य पदक, मेन्स डबल्स स्कल्स 500मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर और अमन सिंह ने कांस्य पदक, ओपन मेन्स कॉक्सलेस -4 500 मी. इवेन्ट में गोपाला वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने 1 कांस्य पदक जीते। खेल अकादमी के सभी पदक विजेता रोइंग खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी है।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### सेट पर लेट आने के आरोप पर दिया जवाब

## सलमान बोले-लापरवाह होता तो 100 से ज्यादा फिल्में कैसे पूरी होती



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने अपने समय की पाबंदी (पंक्चुअलिटी) और काम के प्रति निष्ठा को लेकर चल रही बातों का जवाब दिया है। कुछ लोग कहते हैं कि सलमान सेट पर देर से पहुंचते हैं और अपने काम को गंभीरता से नहीं लेते, लेकिन सिकंदर फिल्म के इस अभिनेता ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपनी बात रखी। एक इंटरव्यू में सलमान ने कहा, मेरे बारे में कई कहानियां हैं कि मैं देर से आता हूं और काम को हल्के में लेता हूं। उन्होंने साफ किया कि अगर वह सचमुच समय के पाबंद नहीं होते या लापरवाह होते तो 100 से ज्यादा फिल्में कैसे पूरी कर पाते? सलमान ने अपनी दिनचर्या के बारे में जानकारी दी ताकि लोग उनकी समय की पाबंदी को समझ सकें। उन्होंने कहा, कुछ लोग सुबह छह बजे काम शुरू करते हैं, लेकिन मैं 11.30 से 12 बजे के बीच सेट पर पहुंचता हूं। ऐसा इसलिए, क्योंकि मेरे पास और भी जिम्मेदारियां हैं, जैसे कागजों पर हस्ताक्षर करना, फोन कॉल्स करना, जिम में वर्कआउट करना। इसके बाद मैं घर लौटता हूं, थोड़ा आराम करता हूं, कॉफी पीता हूं और सीन को समझने में वक्त लगाता हूं। सलमान ने कहा कि सेट पर पहुंचने के बाद वह पूरी तरह से काम में जुट जाते हैं। वह वैनिटी वैन में कम ही जाते हैं और शूटिंग पर पूरा ध्यान रखते हैं।

### रश्मिका ने भी की तारीफ

सिकंदर में सलमान के साथ नजर आने वालीं रश्मिका मंदाना ने भी उनकी समय की पाबंदी और मेहनत पर अपनी राय दी। रश्मिका ने कहा कि सलमान के साथ काम करने से पहले उन्होंने उनके बारे में कई बातें सुनी थीं, लेकिन वह अफवाहों पर नहीं, अपने अनुभव पर भरोसा करती हैं। उन्होंने सलमान की तारीफ करते हुए कहा, 卐वह हर दिन सेट पर समय से मौजूद थे। जो बातें सुनी थीं, वह सच से कोसों दूर थीं।卐 रश्मिका ने सवाल उठाया कि सलमान के काम को लेकर इतना हंगामा क्यों होता है, जबकि उनका असली रवैया बहुत अलग है।

## कुणाल ने यात्रा के खर्चे का हिसाब-किताब बताया



फिल्मी सितारे अपनी फिल्मों और लुक के अलावा घूमने-फिरने को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। समय-समय पर इन हस्तियों की घूमने की तस्वीरें देखने को मिलती रहती है, जिसमें वे अपने दोस्तों या परिवार के संग मौज-मस्ती करते हुए दिखाई देते हैं। बी टाउन की बात करें तो कुणाल खेमू, शाहिद कपूर और ईशान खट्टर की दोस्ती काफी गहरी है। तीनों एक साथ घूमने के लिए जाते रहते हैं। हाल ही में, अभिनेता कुणाल खेमू ने इस बात का खुलासा किया है कि वे यात्रा के दौरान हुए खर्चे का हिसाब-किताब कैसे करते हैं।


### आपस में बांटते हैं बिल

कुणाल खेमू ने एक साक्षात्कार में अपनी यात्रा के खर्च पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जब वे दोस्तों के साथ घूमने के लिए जाते हैं तो वे बिल को आपस में बांट लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा कई दिनों की होती है। दोस्तों के बीच खर्चे के हिसाब-किताब के लिए बिल का बंटवारा किया जाता है।

### सबके दिमाग में चलता रहता है खर्चे का हिसाब

हम जानते हैं कि आम आदमी अपने खर्च को लेकर चिंतित रहता है। वह हिसाब-किताब में लगा रहता है। कुणाल खेमू ने भी अपने साक्षात्कार में ऐसी ही एक बात बताई। उन्होंने कहा कि कोई बोले ना बोले, लेकिन यह सबके दिमाग में चलता रहता है। खर्च का हिसाब लगने लगता है। कुणाल खेमू, शाहिद कपूर और ईशान खट्टर काफी दिन पहले एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर गए थे। तीनों की तस्वीरों ने इंटरनेट यूजर्स का ध्यान खींचा था। तस्वीरें खूब वायरल हुई थी। सभी पूरी तरह से मस्ती के मूड़ में नजर आ रहे थे। सभी के चेहरे खिले हुए थे।

## राम गोपाल वर्मा को था ऋतिक की काबिलियत पर शक, बोले- मुझे नहीं लगा था वह स्टार बन पाएंगे



ऋतिक रोशन बॉलीवुड के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले कलाकारों में से एक हैं। अपने बेहतरीन अभिनय क्षमता के अलावा वह लुक्स और डांसिग स्किल्स के लिए भी जाने जाते हैं। लुक्स को लेकर तो उन्हें बॉलीवुड का ग्रीक गॉड भी कहा जाता है। हाल ही में, वह फिल्म 'फाइटर' में नजर आए थे। हालांकि, एक ऐसे भी फिल्म निर्देशक हैं, जिन्हें एक वक्त पर लगता था कि ऋतिक कभी स्टार नहीं बन पाएंगे। हाल ही में, निर्देशक राम गोपाल वर्मा के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड हुई थी। इस वीडियो में वह ऋतिक की डेब्यू फिल्म कहो ना प्यार है पर बात करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, जब मैंने ऋतिक रोशन को देखा तो मुझे नहीं लगा था कि वह स्टार बन पाएंगे। इंडस्ट्री के काफी लोगों ने भी नहीं सोचा था कि वह स्टार बन पाएंगे। इस वजह से ही उन्हें किसी ने साइन नहीं किया, जब तक कहो ना प्यार है रिलीज नहीं हुई। हालांकि, जैसे ही वह सुपरस्टार बने सभी उनके पीछे भागने लगे। राम गोपाल वर्मा अपनी फिल्में सत्या, कौन, रंगीला, कंपनी, सरकार आदि फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्मों के अलावा वह अपने बयानों के वजह से भी अक्सर चर्चा में रहते हैं। बात करें राम गोपाल वर्मा के वर्क फ्रंट की तो वह इस साल कई फिल्मों में बतौर निर्माता और निर्देशक दिखेंगे। हाल में ही उनकी फिल्म 'व्योहम' रिलीज हुई थी। यह फिल्म आंध्र प्रदेश की राजनीति से प्रेरित थी। ऋतिक ने फिल्म कहो ना प्यार है से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। साल 2000 में आई इस फिल्म से अभिनेत्री अमीषा पटेल ने भी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का निर्माण और निर्देशन ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने किया था। यह फिल्म उस साल की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को कई अवॉर्ड भी मिले थे।

### बॉलीवुड की फेमस डायरेक्टर फराह खान ने कहा

## पहले पेड़ के पीछे कपड़े बदलती थीं एक्ट्रेस, अब बढ़ गए भाव



बॉलीवुड की फेमस डायरेक्टर फराह खान ने मौजूदा सितारों पर तंज कसा है। उन्होंने अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में कहा कि अब बॉलीवुड स्टार्स के नखरे बहुत बढ़ गए हैं। एक्ट्रेस ने फिल्मस्टार्स की बढ़ती डिमांड को लेकर उन्हें खरी-खरी सुनाई है। फराह खान ने अपने एक नए व्लॉग में बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं, जो अपने लिए 4-4 वैनिटी वैन की मांग करते हैं। ऐसा ना होने पर वो काम तक शुरू नहीं करते। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर वैनिटी वैन आने के बाद ही वो काम शुरू करते हैं। सबके पास कई वैन हैं। एक वैन सितारों के जिम के लिए है, 1 उनके स्टाफ के लिए, 1 उनके लिए है और जो फूड ट्रक आता है, वो अलग है। बिना वैन के वो हिलते तक नहीं हैं। फराह ने बॉलीवुड स्टार्स पर तंज कसते हुए कहा- पुराने जमाने में अभिनेत्रियां पेड़ों के पीछे कपड़े बदला करती थीं। उनके लिए तौलिए रखे जाते थे। जब आउटडोर शूटिंग होती थी तो ऐसा किया जाता था। यहां तक कि स्विट्जरलैंड में भी बस के पीछे कपड़े बदले जाते थे। फिल्ममेकर ने कहा कि इसी वजह से फिल्मों के बजट बढ़ जाते हैं और फिर लोग कहते हैं कि फलानी फिल्म का बजट इतना कैसे हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो फराह खान जल्द ही शाहरुख खान के साथ एक मूवी पर काम शुरू करने वाली हैं। इसके अलावा वो रोहित शेट्टी के साथ भी एक मूवी बनाने वाली हैं।

## बैरसिया में बलवा, दंगाइयों पर काबू पाने पुलिसकर्मियों ने छोड़ी टियर व स्मोक गैस




**बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा में पुलिसकर्मियों ने दंगाइयों पर काबू पाने का किया अभ्यास**

**भोपाल।** बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा खेल मैदान में शनिवार को जिला भोपाल (ग्रामीण) पुलिस ने बलवा मॉक ड्रिल का आयोजन किया। कार्यक्रम के समापन पर बैरसिया नगर में पैदल मार्च मुख्य मार्ग से निकाला गया। बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के जरिए पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरीके सिखाए गए। दंगाइयों को रोकने के लिए उपकरणों का इस्तेमाल, टियर गैस के गोले दागना, भीड़ को तितर-वितर करने के लिए स्मोक गैस का इस्तेमाल करना, दंगे के दौरान घायल लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना जैसे अभ्यास सिखाए कराए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा नें बताया कि भोपाल ग्रामीण पुलिस का बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया गया है। इस तरह की रिहर्सल समय-समय पर करते रहते हैं, जिससे हमारी तैयारी में कोई कमी रहती है तो उसमें सुधार करने की कोशिश करते हैं ताकि कभी बलवा आदि की स्थिति निर्मित होती है तो हमें कैसे रिएक्ट करना है यह सिखाया जाता है। इस मौके पर एसडीओपी बैरसिया सर्वप्रिय सिन्हा एसडीओपी बिलखिरिया प्रिया सिंधी, एसडीओपी इटखेड़ी मंजू चौहान, रक्षित निरीक्षक श्याम किशोर झरवडे, बैरसिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा सहित जिला देहात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### मोबाइल में मिली ऑडियो रिकार्डिंग, पुलिस जांच में जुटी

# प्रेम प्रसंग में ऑटो डीलर ने पीया जहरीला पदार्थ, मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अहमद अली कॉलोनी में रहने वाले आटो डीलर ने शुक्रवार रात जहरीला पदार्थ पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।**



मरने से पूर्व पुलिस उसके बयान दर्ज नहीं कर सकी थी। परिजन ने बताया कि उसने प्रेम प्रसंग में यह कदम उठाया है। प्रेमिका उस पर अक्सर दबाव बनाती थी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस को मोबाइल कुछ रिकार्डिंग मिली है। रिकार्डिंग प्रेमिका और उसकी सहेली की है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

शाकिर अली पिता रहबर अली (30) निवासी अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग में रहता था और भारत टॉकीज पर उजैर भाई के साथ आटो डीलिंग का काम करता था। शुक्रवार रात उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। उसकी तबीयत बिगड़ी और उसने परिजन को बताया कि जहर पी लिया है। परिजन ने आटो डीलिंग वाले उजैर भाई को घटना की जानकारी दी। वे शाकिर के घर पहुंचे और उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले गए। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मोबाइल में मिली रिकार्डिंग

परिजन ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि इलाके में रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वे युवती से उसकी शादी कराना चाहते थे, लेकिन उससे पहले ही शाकिर ने जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि शाकिर और उसकी प्रेमिका के बीच आए दिन कहासुनी होती थी और वह हाथ की नस काटने की धमकी देती थी। शाकिर के मोबाइल में एक रिकॉर्डिंग भी मिली है, जिसमें गर्लफ्रेंड की दोस्त उसे जानकारी देती है कि प्रेमिका ने हाथ की नस काट ली है। परिजन का आरोप है कि शाकिर की प्रेमिका छोटी छोटी बातों पर विवाद करती थी और उस पद दबाव बना रही थी।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ऐयरोसिटी ओवरब्रिज के नीचे रंजिश में हुए विवाद के बाद दो युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के घांव युवक को गर्दन, पेट और सीने पर तीन जगह लगे हैं। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ करने के बाद एक नामजद आरोपी और उसके साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है। एएसआई प्रवीण सिंह बैस ने बताया कि रितिक लालवानी पिता दिलीप लालवानी (23) अर्जुन वार्ड, गांधी नगर में रहता हैं। वह पढ़ाई करता है और साथी प्राइवेट काम भी करता है। उसका टैगोर वार्ड में रहने वाले 28 साल के गौरव त्यागी से पुराना विवाद है। विवाद में समझौता करने बात करने के लिए गौरव ने रितिक को आरजीपीवी कॉलेज के पास ऐयरोसिटी ब्रिज के नीचे बुलाया था। शुक्रवार रात करीब पौने आठ बजे रितिक लालवानी गौरव से बात करने पहुंचा। इस दौरान गौरव के साथ उसका साथी था। पुराने विवाद की बात को लेकर रितिक और गौरव में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गौरव ने अपने साथी के साथ मिलकर रितिक से मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला रितिक की गर्दन, पेट और सीने में तीन जगह किया गया था। हमला होने से वह बेसुध होकर गिर गया। आसपास के लोगों ने रितिक को अस्पताल पहुंचाया था, वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद देर रात आरोपी गौरव त्यागी को हिरासत में ले लिया था। उस पर पूर्व में मारपीट के दो अपराध दर्ज है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी गौरव को कोर्ट में पेश कर दिया, वहां से जेल भेज दिया गया है। आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है।

## डुप्लीकेट चाबी से किराएदार का घर साफ कर रहा था मकान मालिक का लड़का

**तीन महीने में बिना ताले तोड़े हुई चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरे लगाए तो हुआ चोरी का खुलासा**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य नगर में डुप्लीकेट चाबी बनाकर किराए से रहने वाले डॉक्टर के घर कोई और नहीं मकान मालिक का बेटा ही चोरी कर रहा था। दरअसल, तीन महीने में बार-बार बिना ताला टूटे चोरी की घटनाएं हो रही थी। परेशान होकर डॉक्टर ने घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए तो चोर कैद हो गया। चोर मकान मालिक का बेटा ही निकला, चोरी के पैसों से बुलट और आईफोन खरीद लिया था।

पुलिस के अनुसार डॉक्टर विपिन तिवारी अपने भांजे के साथ शंकराचार्य नगर में रहते हैं। जनवरी में उनके कमरे में रखे तीन लाख रुपए और सोने की चेन चोरी हो गई। इसके बाद आएदिन घर से कुछ न कुछ सामान चोरी हो रहा था। चोरी से वह परेशान हो गए थे। उनका कहना है कि घर से ताला तो? बिना चोरी हो रही थी। चोर को पकड़ने उन्होंने कमरे में अलग-अलग एंगल पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। कैमरे लगवाने के बाद एक बार फिर उनके कमरे से चोरी हो गई। डॉक्टर तिवारी ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो मकान मालिक का बेटा आदि जैन कैमरे में नजर आया। डॉक्टर तिवारी ने पुलिस को घटना की शिकायत करते हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सौंपे। फुटेज पर पुलिस ने आरोपी आदि जैन (19) शंकराचार्य नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने की चेन जब्त की है।

### डॉक्टर के जाते ही खोल लेता था ताला

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर पता चला कि डॉक्टर तिवारी के ड्यूटी जाते ही आदि उनके कमरे का ताला डुप्लीकेट चाबी से खोल लेता था। फुटेज आदि के पिता को भी दिखाए गए तो वह भी हैरान हो गए। आरोपी आदि ने इस साल 12 वीं कक्षा की परीक्षा दी है।

## प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंतिम संस्कार होने के बाद बेटे को बुलाया**

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित त्रिलंगा में शनिवार रात प्रॉपर्टी डीलर ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। वह किराए के मकान में अकेले रह रहे थे। जबलपुर से भोपाल पहुंचे उनके बेटे को शव पीएम के बाद पुलिस ने सौंप दिया। बेटे ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि उनका कमरा सील कर दिया है। कमरे की तलाशी लेने पुलिस रविवार को पहुंचेगी। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

पुलिस के अनुसार अखिलेश दुबे (55) त्रिलंगा में किराए के मकान में रहते थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और बेटी है। पत्नी से तलाक होने के कारण पत्नी बच्चों के साथ जबलपुर में रहती हैं। अखिलेश यहां अकेले ही रहते थे। शनिवार रात अखिलेश ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अखिलेश का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। शनिवार को उनका बेटा जबलपुर से पहुंचा और उसकी मौजूदगी में पीएम कराया गया। मामले की जांच कर रहे एएसआई कन्हैया यादव ने बताया कि कमरा सील कर दिया गया है। अखिलेश का अंतिम संस्कार होने के बाद बेटे को बुलाया गया है। उसके पहुंचने पर बयान दर्ज किए जाएंगे और सील कमरे को खोलकर निरीक्षण किया जाएगा।

## गर्लफ्रेंड के लिए एरियल के डिब्बे में कॉस्मेटिक भरकर चोरी करते दो पकड़ाए

**अयोध्या नगर रिलायंस स्मार्ट बाजार की घटना**

**भोपाल।** अयोध्या नगर बायपास पर रिलायंश स्मार्ट बाजार में कैमरों से बचते हुए एरियल डिटर्जेंट के डिब्बों में कॉस्मेटिक भरकर ले जा रहे दो युवकों को गार्ड ने पकड़ लिया। उनके डिब्बे की तलाशी ली गई तो डिब्बे में कॉस्मेटिक भरा हुआ था। भरे हुए कॉस्मेटिक की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। गार्ड और मैनेजर ने दोनों आरोपियों को अयोध्या नगर पुलिस को सौंप दिया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह अपनी गर्ल्स फ्रेंड के लिए कॉस्मेटिक चुराने की नियत से पहुंचे थे। इससे पहले ही पकड़ा गए। पुलिस के अनुसार नितेश शर्मा पिता अजय शर्मा (31) देवमाता अस्पताल के पास फेस-5, अहिन्सा विहार, अयोध्या नगर में रहते हैं और रिलायंस स्मार्ट बाजार अयोध्या नगर में मैनेजर है। गुरुवार रात करीब 10 बजे स्टोर में दो युवक पहुंचे थे। उन्होंने एरियल के डिब्बे को खाली किया और उसमें कॉस्मेटिक भर लिया। इस दौरान गार्ड की नजर उन पर पड़ गई। गार्ड कर्मचारियों के साथ पहुंचा और दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद मैनेजर के साथ युवकों को अयोध्या नगर थाने ले जाया गया। आरोपियों की पहचान रामकिशन धाकड पिता कमल सिंह धाकड (24) अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग और धनश्याम यादव पिता छगनलाल यादव (25) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ऐशबाग के रूप में की गई। गार्ड राजेश बैरागी ने पुलिस को बताया कि दोनों एरियल के डिब्बे में कॉस्मेटिक भर चुके थे। उन्हें आवाज दी तो वह भागने लगे। भागने के कारण उन पर संदेह और बड़ गया। इसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। डिब्बे में भरे गए ब्यूटी प्रोडक्ट्स की कीमत चालीस हजार रुपए बताई जा रही है।

## चर्च से लौट रही महिला की चेन झपटी

**मिसरोद पुलिस ने पीड़िता को किया चलता कहा शाहपुरा पुलिस से करें शिकायत**

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सलैया चौराहा पर एचपी पेट्रोल पंप के पास एक्टिवा सवार महिला से बाइक सवार बदमाशों ने चेन झपट ली। झपटमार चेन के साथ पैंडल भी लेकर गए हैं। घटना की शिकायत लेकर मिसरोद थाने पहुंची महिला को पुलिस ने यह कहकर चलता कर दिया कि घटना हमारे थाना क्षेत्र की नहीं है शाहपुरा जाकर शिकायत दर्ज कराओ। शाहपुरा पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार शिरीन लुईस पिता स्व.जन लुईस (40) बंसल विहार, रोहित नगर शाहपुरा में रहती हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि अपनी छोटी बहन डार्थी लुईस के साथ वह गुरुवार को सलैया स्थित चर्च गई थी। चर्च से प्रार्थना करने के बाद रात करीब साढ़े 8 बजे दोनों बहनें सलैया चौराहा, एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए। बाइक चला रहा युवक हेलमेट लगाया हुआ था। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनके गले पर झपट्टा मारा और चेन झपट ली। चेन के साथ छोटा सोने का पैंडल था वह भी आरोपी अपने साथ ले गए। दोनों बहनों ने एक्टिवा से उनका पीछा किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। उनकी बाइक पर नंबर नहीं था।



## असिस्टेंट प्रोफेसर को मारी टक्कर, इलाज के बहाने ले जाकर पीटा

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर आटो चालक ने बाइकसवार निजी कॉलेज केअसिस्टैंट प्रोफेसर को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी आटो चालक उन्हें इलाज कराने का कहकर अपने साथ आटो में ले गया और रास्ते में उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने असिस्टैंट प्रोफेसर की शिकायत पर आटो चालक पर एक्सीडेंट करने और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आटो के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार जाहिद अहमद खान (35) एलआईजी-23, लालालाज पत राय कॉलोनी, बाग दिलकुशा, अशोका गार्डन में रहते हैं। और निजी कॉलेज में असिस्टैंट प्रोफेसर है। शुक्रवार शाम वह पीपुल्स अस्पताल से घर लौट रहे थे। शाम करीब पांच बजे के आसपास भानपुर ब्रिज पर आटो चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक आटो चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक समेत गिर गए। उन्हें हाथ, कूल्हे में गंभीर चोट आई थी। उन्होंने आटो चालक को ठीक से आटो चलाने का कहा तो वह कहने लगा कि इलाज करवा देता हूं। इसके बाद अपने आटो में बिठाया और दामखेड़ा की तरफ ले गया। वहां आटो रोककर गालीगलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर आरोपी बेल्ट और हाथ घूंसों से मारपीट करते हुए फरार हो गया।

**मेट्रो एंकर** न्यायालय ने चार बैंक अधिकारियों पर 4-4 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया

# जमीन नीलामी में भ्रष्टाचार, चार को 3-3 साल जेल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पद का दुरुपयोग कर किया किसान की जमीन की नीलामी में भ्रष्टाचार करने के मामले में जिला न्यायालय ने जिला सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के तत्कालीन विक्रय अधिकारी हरिहर प्रसाद मिश्रा, विजेन्द्र कौशल, महाप्रबंधक अशोक कुमार मुखरईया, सहकारिता निरीक्षक ए.पी.एस. कुशवाहा, परमजीत बेदी को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में 4-4 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) मनोज कुमार सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। मामले में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी हेमलता कुशवाहा द्वारा पैरवी की गई।



### लाखों की जमीन 50 में नीलाम कर दी थी

विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा ने बताया कि, भोपाल जिले की हुजूर तहसील के ग्राम फतेहपुर डोगरा के कृषक शायरा बानू की लगभग 3.50 एकड़ भूमि जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 76 हजार रूपए थी। उसको आरोपियों ने षड्यंत्र पूर्वक 30 जून 2001 को मात्र 50 हजार रूपए में नीलाम कर दी थी। कृषक शायरा बानू ने कुआं एवं पम्प के लिए वर्ष 1985-86 मे 18000 रूपए का ऋण लिया था। वर्ष 2000 से 2007 के मध्य कृषि भूमि की नीलामी कार्यवाही का सिलसिला कई वर्षों से चल रहा था तथा ऋणी कृषक को मात्र 9000 रुपये का भुगतान करना शेष रह गया था, लेकिन तत्कालीन अधिकारियो ने कृषक को बताए बिना एवं विधिवत सूचना ना देकर बंधक भूमि को ऋण राशि न अदा करने पर उनकी भूमि बाजार मूल्य एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित मूल्य से अत्यधिक कम मूल्यो पर अवैधानिक रूप से नियम के विरूद्ध नीलामी कार्यवाही कर धोखाधड़ी कर अपने पद का दुरुपयोग कर नीलामी संबंधित नोटशीट के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पुष्टि संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल को भेज दिया। अवैधानिक रूप से नीलामी की पुष्टि आदेश पारित किया गया।

## युवक व युवती से चार किलो गांजा बरामद

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी शेड गोविंदपुरा से एक युवक व एक युवती को गिरफ्तार कर उनसे 4 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 80 हजार बताई गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों से गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार विगत 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा में एक युवक व एक युवती अवैध गांजा बेचने की फिराक में पिट्ठु बैग लिए किसी ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी और मुखबिर के बताए स्थान से शेड के नीचे खड़े संदिग्ध युवक-युवती को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में नाम राहुल चौरसिया (21) नि. शिव नगर लक्ष्मी नगर छोला मंदिर संजना ठाकुर (20) अटल अय्यूब नगर, बताए।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. :- eephvid@mp.nic.in Telephon No:- 07592-250663 VIDISHA 464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/ नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायाँवि/2024-25 विदिशा, दिनांक 27.03.2025

:: निविदा आंमत्रण सूचना ::

निम्न कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.04.2025 को सायः 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है :-

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (PAC) -(रु. में) | धरोहर राशि (EMD) -(रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य -(रु. मे) | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा का आमंत्रण | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PHED_412806_1 | विदिशा जिले के विकासखण्ड बासौदा के 276 ग्रामों में स्थापित लगभग 1950 हैण्डपम्पों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग क्लोरीनेशन, जल नमूनों का संकलन एवं अन्य सम्बंधित संधारण के कार्य। | 56,19,900.00 | 56,199.00 | 10,000.00 | 730 दिवस वर्षाऋतु सहित | द्वितीय | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 2025_PHED_412818_1 | विदिशा जिले के विकासखण्ड लटेरी के 183 ग्रामों में स्थापित लगभग 1000 हैण्डपम्पों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग क्लोरीनेशन, जल नमूनों का संकलन एवं अन्य सम्बंधित संधारण के कार्य। | 28,82,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 730 दिवस वर्षाऋतु सहित | द्वितीय | |

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड विदिशा (म.प्र.)

G-24917/24 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022